सुप्रभात
रांची, सोमवार
17.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 333



12 गंगा दशहरे पर भगवान महाकाल का हुआ विशेष शृंगार

## न्यूज डायरी

### झारखंड के पार्थ सिंह ने बनाया रिकार्ड , जीता गोल्ड

**रांची।** 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने रविवार को 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड के बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। 15 से 17 जून तक प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया है। पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को 10 .68 सेकेंड में पूरा किया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग का नेशनल रिकॉर्ड 10 .63 सेकेंड अंशु रजक का है, जो 2023 में बना था। बालिका जेवलिन थ्रो में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 41.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

### ऊर्सलाइन कॉन्वेंट की छात्रा ने की खुदकुशी

**लोहरदगा।** पेशरार के बीडीओ अजय तिर्की की बेटी तमन्ना तिर्की (18) ने शनिवार देर रात आत्महत्या कर ली। वह रांची ऊर्सलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल की छात्रा थी। इस वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की थी। तमन्ना रांची में रहती थी। छुट्टी होने के कारण वो मां-पापा के पास पेशरार में कुछ दिनों से रह रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत, दामाद गंभीर

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 पर एक ट्रक की चपेट में आने से मां और बेटी की मौत हो गयी। हादसे में बाइक चालक दामाद (सोनाराम मुर्मू) भी गंभीर रूप से घायल है। सास मूर्ति टुडू की मौके पर ही मौत हो गयी। बेटी सूरजमुनि सोरेन ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

### चेकडैम में नहाने गयी दो बहनें डूबी, एक की मौत

**गुमला।** पालकोट प्रखंड स्थित शाही चट्टान गांव की दो सगी बहनें रविवार की सुबह गांव के चेकडैम में नहाने के दौरान डूब गयी। इस हादसे में छोटी बहन अंजेला कुल्लू (7) की मौत हो गयी। बड़ी बहन अलमा कुल्लू (12) की स्थिति गंभीर है। शोरगुल होने पर ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों को गहरे पानी से बाहर निकाला। आनन फानन में उन्हें सीएचसी पालकोट में भरती कराया गया। चिकित्सक नहीं होने के कारण नर्स ने इलाज शुरू किया पर अंजेला कुल्लू की मौत हो गयी। दोनों नानी के घर आयी थीं।




टाटा और राजनगर में सीएम ने दी योजनाओं की सौगात, कहा

# हर परिवार को अब 200 यूनिट बिजली फ्री

**विशेष संवाददाता**


**जमशेदपुर/राजनगर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर और पड़ोसी जिले सरायकेला-खरसावां के राजनगर में आयोजित अलग-अलग समारोह में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर सीएम ने सबसे बड़ी घोषणा की कि झारखंड के हर उपभोक्ता को अब 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। पहले 125 यूनिट बिजली फ्री मिलती थी। सीएम ने यह भी घोषणा की कि सितंबर माह तक राज्य में 40 हजार शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

राज्य में सिपाही और आबकारी विभाग में भी खाली पड़े पदों पर बहाली की जायेगी। सीएम ने कहा कि अबुआ अवास योजना के तहत तीन कमरेवाला मकान के साथ शौचालय भी दिया जायेगा।

**झारखंड को अग्रणी राज्य बनायेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना इस सरकार की प्राथमिकता है। हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## 40 हजार शिक्षक बहाल होंगे : चंपई सोरेन



### युवा नशे से दूर रहें, नशामुक्त समाज हमारा दायित्व

वहीं, राजनगर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनायंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है।

### खेतों में अव हमेशा पानी रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं, किसानों और सभी लोगों की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किये जा रहे हैं।

# तमाम जिलों का पारा 40 पार, लू से आठ मौत

## आज से थोड़ी राहत, मानसून का इंतजार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 22 जिलों में अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री से पार चल रहा है। आम लोग गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों से परेशान हैं। पिछले 24 घंटे में सरायकेला खरसांवां और गढ़वा में सीवियर हीट वेव रही। झारखंड में सबसे गर्म 45.9 डिग्री के साथ सरायकेला खरसावां रहा। वहीं डालटनगंज का पारा 45.7 डिग्री, गढ़वा का 45.1, जमशेदपुर 44.2 व बहरागोड़ा 44 का डिग्री दर्ज किया गया। केवल पाकुड़ और साहिबगंज ही ऐसे दो जिले हैं जहां के तापमान 40 के नीचे रहा। प्रचंड गर्मी और लू के कारण 24 घंटे में आठ लोगों की मौत की खबर है। लू से मरनेवालों में गढ़वा के विशुनपुरा में एक, हजारीबाग के चौपारण में एक, गुमला में एक, पलामू के रेहला में एक रिटायर्ड अमीन, लोहरदगा में एक, रामगढ़ में दो और घाटशिला का एक व्यक्ति शामिल है।

**उमस भरी गर्मी से लोग परेशान**

हीट वेव ने पूरी तरह से जनजीवन को प्रभावित किया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सोमवार से झारखंड के लोगों को प्रचंड गर्मी से कुछ राहत की उम्मीद है। मानसून के पूर्व अधिकतर जिलों में छिटपुट बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा रिकार्ड की गयी। सबसे अधिक वर्षा 0.5 एमएम पश्चिमी-सिंहभूम में दर्ज की गयी।



### 46 डिग्री के साथ सरायकेला सबसे गर्म

भीषण गर्मी के बीच लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल मौसम विभाग ने कहा है कि 17 जून से हीट वेव से थोड़ी राहत की उम्मीद है। हालांकि, बारिश के को लिए अब भी लोगों को इंतजार करना होगा, क्योंकि राज्य में मॉनसून का प्रवेश अब भी बाकी है। वैज्ञानिकों ने 19 जून तक मॉनसून के पहुंचने की उम्मीद जतायी है। इससे पहले 17 से झारखंड के अधिकतर जिलों में बारिश होने की संभावना है। सोमवार को को गढ़वा, चतरा, पलामू और लातेहार जिले को छोड़कर बाकी जिलों में हल्की बारिश संभव है। वहीं 18 को भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति रहेगी। 19 जून को भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश के आसार हैं। 19 से धीरे धीरे सभी जिलों में तापमान भी गिरेगा। 21 जून तक अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की प्रबल संभावना है। वहीं, 17 और 18 जून तक अधिक तापमान पलामू में देखने को मिल सकता है।

### इन शहरों का पारा 40 से पार रहा

सरायकेला 45.9, डालटनगंज 45.7, रांची 41.0, जमशेदपुर 44.2, बोकारो 43.4, चतरा 42.2, देवघर 43.1, धनबाद 41.9, गढ़वा 45.1, गिरिडीह 43.9, गोड्डा 41.5, गुमला 41.6, हजारीबाग 41.6, जामताड़ा 42.7, खूंटी 42.3, बहरागोड़ा 44, लातेहार 42, लोहरदगा 40.5, पलामू 41.1, रामगढ़ 42.9, सिमडेगा 41.6, व पश्चिमी सिंहभूम 44.2। पाकुड़ तापमान 38.1 डिग्री और साहिबगंज का 37.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## झारखंड समेत देश के 62 कोल ब्लॉक की नीलामी शीघ्र

**नयी दिल्ली।** झारखंड के 12 कोल ब्लॉक समेत देश के 62 कॉमर्शियल कोल ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी। केंद्र सरकार के 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने और कोयले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के विजन के अनुरूप कोल मंत्रालय वाणिज्यिक कोल ब्लॉक नीलामी के 10वें दौर की शुरूआत करेगा। कोल मंत्रालय ने पूर्ण पारदर्शिता और अधिकतम राजस्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीलामी के 10वें दौर में लगभग 62 ब्लॉक बिना अंतिम उपयोगकर्ता प्रतिबंधों के पेश किये जाने की संभावना है। आवंटियों के लिए इन वाणिज्यिक ब्लॉकों से प्राप्त कोयले को मुक्त बाजार में बेचने की अनुमति है। वाणिज्यिक कोल ब्लॉक नीलामी की शुरूआत जून 2020 में हुई थी। तब से पिछले नौ दौर में कोयला मंत्रालय ने 256 मीट्रिक टन की अधिकतम क्षमता वाले 107 कोयला ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की है। अब तक 11 वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक चालू हो चुके हैं। पिछले वर्ष वाणिज्यिक ब्लॉकों से 17.5 एमटी कोयले का उत्पादन किया गया। कोयला मंत्रालय ने बोली लगानेवालों को भौगोलिक विशेषताओं की उचित जानकारी की सुविधा के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर कोल ब्लॉक पोर्टल विकसित किया है।

### उधारी नहीं चुकाने पर दुष्कर्म, आरोपी को जेल

**चतरा।** उधारी नहीं चुकाने के मामले में घर घुस कर हथियार के बल पर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखायी थी, पीड़िता को थाने से भगा दिया था। गिरफ्तार आरोपी बलजीत यादव राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव का रहने वाला है। उस पर गांव के ही एक महिला ने उधार नहीं चुकाने पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने महिला थाने में आवेदन देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। सूचना मिलते ही एसडीपीओ शनिवार की शाम गड़िया गांव पहुंचे और आरोपी को दबोचा। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने बलजीत यादव से 20 हजार उधार लिया था।

## एनसीइआरटी की नयी किताब से गोधरा-बाबरी गायब

**हैदराबाद ।** एनसीइआरट की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की नयी किताब में बाबरी मस्जिद और गुजरात दंगों से जुड़े संदर्भ हटा दिये गये हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'पिछले सप्ताह जारी अपडेट किताब में बाबरी मस्जिद का नाम हटा गया दिया है और इसे 'तीन-गुंबद वाली संरचना' कहा है। पाठ्यपुस्तक में अयोध्या प्रकरण दो पेज तक सीमित कर दिया गया है। मस्जिद के विध्वंस के कई संदर्भ हटा दिये गये हैं। कुछ ऐसा ही गुजरात दंगों को लेकर है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि 'पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है। इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

नीट परीक्षा मामले में शिक्षा मंत्री ने माना- एनटीए में सुधार की जरूरत

# बड़े अधिकारी भी दोषी रहे, तो नहीं बचेंगे: प्रधान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नीट परीक्षा रिजल्ट को लेकर देशभर में विवाद जारी है। छात्रों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान सामने आया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने माना कि परीक्षा करानेवाली एजेंसी एनटीए में सुधार की जरूरत है। मंत्री ने माना कि परीक्षा में दो प्रकार की अव्यवस्था सामने आयी है। उन्होंने कहा, छात्रों के साथ कुछ भी गलत नहीं होने दिया जायेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा पर 1,563 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा का आदेश दिया गया है। दो



जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आयी हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में उक्त बातें कही।

### छात्र हित को ले कर सरकार गंभीर

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, अगर एनटीए के बड़े अधिकारी भी दोषी पाये गये तो उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। एजेंसी में बहुत सुधार की जरूरत है। सरकार इस बात को लेकर चिंतित है। दोषियों को हर हाल में सख्त से सख्त सजा मिलेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा, नीट परीक्षा के संबंध में 2 प्रकार की अव्यवस्था का विषय सामने आयी है। प्रारंभिक जानकारी थी कि कुछ छात्रों को कम समय मिलने के कारण उनको ग्रेस नंबर दिये गये। दूसरा 2 जगहों पर कुछ गड़बड़ियां हुईं। उन्होंने कहा, छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि इसे भी सरकार ने गंभीरता के साथ लिया है। जानकारी हमें मिली है, हम सारे विषयों को एक निर्णायक स्थिति तक ले जायेंगे।

**क्या है मामला :** उल लेखनीय है कि 5 मई को देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर नीट परीक्षा में देशभर से करीब 24 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। एनटीए ने नीट परीक्षा का रिजल्ट 4 जून को जारी किया। टॉपर्स की जारी सूची के अनुसार 67 छात्रों को 720 नंबर मिले थे।

(शेष पेज 11 पर)



## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने इंडी अलायंस पर बड़ा हमला बोला

# चुनाव आयोग समीर मोहंती के पत्र की फॉरेंसिक जांच कर सच्चाई उजागर करे : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/मेदिनीपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस झामुमो सहित इंडी एलायंस पर बड़ा हमला बोला है। श्री मरांडी पलामू दौरे के क्रम में चुनाव आयोग से इंडी एलायंस के जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी समीर मोहंती के पत्र जिसमे बूथों पर पैसे बांटने वाले पैसे में हेराफेरी लूट, भ्रष्टाचार की चर्चा है, की फॉरेंसिक जांच कराकर सत्यता उजागर करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि समीर मोहंती ने झामुमो कांग्रेस के नेतृत्व को पत्र लिखकर यह शिकायत की है कि उनके द्वारा बूथ खर्च के लिये प्रति बूथ दिये गये 6 हजार रुपये में से कार्यकर्ताओं तक 4 हजार ही पहुंचे, बाकी प्रति बूथ 2 हजार रुपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। इतना ही नहीं उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 25 लाख रुपये देने की बात भी पत्र में लिखी है। उन्होंने कहा कि एक लोकसभा क्षेत्र में औसत दो हजार बूथ होते हैं। यदि प्रति बूथ 6 हजार रुपए का हिसाब किया जाये तो वह एक करोड़ बीस लाख होता है। प्रति विधानसभा 25 लाख का हिसाब जोड़ा जाए तो यह राशि भी डेढ़ करोड़ तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि समीर मोहंती के पत्र से स्पष्ट है कि एक लोकसभा चुनाव क्षेत्र में 3 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च किये गये हैं जबकि चुनाव आयोग द्वारा खर्च की निर्धारित सीमा 95 लाख ही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग के निर्देशों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है तथा पैसे के बल पर राज्य की सत्ताधारी गठबंधन द्वारा चुनाव को प्रभावित करने की हर संभव कोशिश की गई है।

उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि समीर मोहंती द्वारा पैसे के लेनदेन के संबंध में अपने गठबंधन के नेताओं को लिखे पत्र की फॉरेंसिक जांच कराकर सच्चाई सामने लाया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी के बीच सभी जिलों में पानी बिजली के गंभीर संकट से जनता जूझ रही है लेकिन राज्य सरकार को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में न बिजली उत्पादन का संकट है और न फंड की लेकिन कांग्रेस झामुमो राजद सरकार को केवल लूटने की चिंता है जनता की समस्याओं से कुछ भी लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सतत क्रियाशील पार्टी है। हम केवल चुनाव केलिए राजनीत नही करते बल्कि हमारा लक्ष्य विकसित भारत, समरस भारत बनाना है। हम अंत्योदय और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए संकल्पित और समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर समीक्षा से आगामी कार्य योजना एवम कार्यक्रम बनाने में मदद मिलती है।

## राजद अध्यक्ष लालू से मिले पूर्व विधायक संजय यादव

# विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए राजद कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं : लालू यादव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्र यादव से पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित उनके आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान राजद सुप्रीमो लालू प्र यादव ने संजय यादव को कहा कि झारखंड और बिहार सहोदर भाई के तरह है। वहां राजद के विचारधारा को मानने वाले भारी संख्या में लोग रहते हैं। राजद का एकीकृत बिहार के समय से हीं काफी जनाधार है। लगातार सदन में हमारा प्रतिनिधि रहा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार की तरह झारखंड में भी अत्यंत लोकप्रिय है। उनके सहभागिता को जन जन तक पहुंचाएं। इसलिए सभी लोग झारखंड में आगामी वार्ड-पंचायत एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसकी मजबूत तैयारी करें और राज्य में संगठन के लोगो को शहर एवं गांव गांव में जनता के बीच जाने का काम करें।

मुलकात के दौरान लालू प्र यादव ने कहा कि राज्य में फासिस्ट ताकतों को रोकना है। भाजपा झूठा पार्टी है लोगो को दिग्भ्रमित कर आपस में लडाने का काम करती है। इसलिए कप्तरपंथी पार्टी भाजपा का मुकाबला करने के लिए राजद इसका मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। आप सभी लोग दलित, पिछड़ा, गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाईयो से मिलकर एक परिवार के तरह उनके दुख तकलीफ के लिए योगदान देते रहें। इसकी जानकारी प्रदेश राजद के महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादन ने दी है।

### जनजातीय भाषा के शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति : दीपक बिरुआ

**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शनिवार को कहा कि सीएम चंपाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने निर्णय लिया है कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को अविलंब प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसलिए मंत्रिमंडल से हम लोगों ने स्वीकृति दी है। 20 जून तक इसका विज्ञापन आएगा और सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में घंटी आधारित शिक्षक आवेदन दे सकेंगे। नियुक्ति मिलेगी, बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा। पेसा ड्राफ्ट की समीक्षा की गई है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों की बेहतरी के लिए उसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा। अबुआ आवास योजना के तहत 9 लाख आवास की स्वीकृति मिलेगी।

## विभाग में नहीं हैं कोई रिकार्ड, कई दस्तावेज भी कर दिये गायब

# स्वच्छ भारत मिशन में करोड़ों रुपये डकार गये पदाधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रघुवर राज में झारखंड में स्वच्छ भारत मिशन में लूट की खुली छूट थी, जिसे जितना मौका मिला, उतना लूटा। अब अधिकारियों को खोजे न तो हिसाब मिल रहा है और न ही कोई दस्तावेज। करोड़ों रुपये से उपर खर्च कर दिये गये लेकिन विभाग के पास खर्चे का कोई हिसाब नहीं है। विभाग में ये भी संधारित नहीं है कि राशि किस मद में खर्च हुई। किस दर पर कार्य आवंटन हुआ? कहां-कहां काम हुए और किस एजेंसी को कार्य आवंटन किया गया? विभाग में ये भी संधारित नहीं है कि दर का निर्धारण और एजेंसी का चयन किस प्रकार हुआ। इस तरह के मामले पूरे झारखंड में मिल रहे हैं परंतु कोडरमा में तो अभियंताओं ने संविदाकर्मियों के साथ मिलकर करोड़ों डकार लिये। योजना के तहत शौचालयों का निर्माण कराया जाता है। विभागीय अधिकारियों ने अभियंताओं से मिलकर प्रचार-प्रसार कराये बिना ही करोड़ रुपये टपा दिये। नियमों को ताक पर रख कर संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गयी है।

**गायब हो गयी 400 संचिकायें:** कोडरमा के तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने बिना किसी टेंडर के ही मनमाने तरीके से कई एजेंसी को मनमाने दर पर कार्य आवंटन दे दिया। टेंडर, वर्क अलॉटमेंट समेत अन्य कार्यों से जुड़ी 400 संचिकाएं 2020 में जिला समन्वयक ने विभाग को सौंपा था। इसमें से कुछ संचिकाओं को छोड़ बाकी गायब हैं। इसे गायब करने का एक और उद्देश्य यह भी है कि बहुत सारे कार्यक्रम हुए ही नहीं, और फर्जी निकासी की गई।

**पीआरडी की निर्धारित दर से डेढ़ गुणा ज्यादा भुगतान** : इन 6 सालों में पीएआरडी दर पर भी मनमानी की गई पहले पीएआरडी दर पर काम का आदेश दिया गया और फिर दर से डेढ़ गुणा अधिक भुगतान किया गया। एक प्रखंड में दीवार लेखन के 1.80 लाख का काम बिना टेंडर के जीवन ज्योति नाम की कंपनी को दी गई। उस समय 20 रुपए प्रति वर्ग फुट की जगह 30 रुपए प्रति वर्ग फुट के आधार पर उसका भुगतान किया गया था।

# लोकसभा चुनाव परिणाम के आधार पर झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी करेगी कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के लिए गठित चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार और सुल्तान अहमद भी उपस्थित थे। इस दौरान प्रदीप कुमार बालमुचु सहित सभी सदस्यों ने आपस में विचार कर जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पूरा खाका तैयार किया।

इस क्रम में श्री बालमुचु ने कहा कि कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतारे थे। इसमें हमें सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली बाकी पांच सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्य और मोदी सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानो, महिला युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ निर्णय लेने के बावजूद हार मिलना आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और बेहतर करने की ओर प्रेरित करता है। अभी भी समय है कि हम समस्याओं की तह में जाकर संगठन की जमीनी हकीकत से रूबरू हों ताकि विधानसभा चुनाव तक संगठन को मजबूत कर हम 2019 से भी ज्यादा अच्छा परिणाम हासिल कर सकें।

बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रथम चरण में समिति गोड्डा, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, रांची लोकसभा का दौरा करेगी। इस क्रम में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक जिला मुख्यालय में समिति के सदस्य लोकसभा प्रत्याशी संबंधित लोकसभा क्षेत्र के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पदाधिकारी, लोकसभा प्रभारी, अग्रणी मोर्चा संगठन एवं विभाग, वरिष्ठ एवं महत्वपूर्ण कांग्रेसजनों से जानकारी लेंगे कि चुनाव के दौरान किस प्रकार की चुक हुई है। जवाबदेह जिम्मेदार नेताओं ने किस हद तक अपने कार्यों का निर्वहन किया, सहयोगी दलों के साथ समन्वय की स्थिति सहित सभी पहलुओं की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति 20 जून को गोड्डा, 21 जून को धनबाद, 22 जून को हजारीबाग, 23 जून को चतरा एवं 24 जून को रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव परिणाम की समीक्षा करेगी।

## पसवा का 2 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह

# ₹20 हजार से अधिक बच्चों को किया जायेगा सम्मानित : दूबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में 2 जुलाई को राज्य का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह का आयोजन राज्य के सबसे बड़े इनडोर स्टेडियम हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेल गांव में आयोजित होगा। इसमें मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा सीबीएसई आईसीएसई तथा जैक बोर्ड में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि उनका मनोबल बढ़ाकर उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में जुड़ कर सके और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके।

पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशन नाथ शाहदेव ने आज स्पष्ट तौर पर बताया कि सिर्फ सर्वोच्च अंक लाने वाले ही नहीं, बल्कि किसी कारण से कुछ नम्बर कम लाने वाले विद्यार्थी भी समाज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पासवा के प्रदेश महासचिव राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पासवा की पूरी टीम इस जिम्मेवारी को निभाने के लिए छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने को पूरी तरह तैयार है। पासवा प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने बताया कि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव तथा युवा एवं खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन ने पूर्व में ही इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने की अपनी सहमति प्रदान की है। इस सम्मान समारोह सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पासवा कोर कमेटी की एक विशेष बैठक 19 को रांची में पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में होगी। इसमें इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पासवा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी।

# आगामी विस चुनाव में कांग्रेस के बाद राजद ने भी सात से अधिक सीटों पर की दावेदारी

**सत्येन्द्र**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आते ही केंद्र में सरकार गठन के बाद झारखंड में विस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं महागठबंधन सरकार में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग के लिए दावेदारी भी शुरू हो गयी है। राजद ने लोकसभा चुनाव के परिणामों को नजरअंदाज कर अगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के सात से अधिक विधानसभा सीटों पर अपनी दावेदारी गठबंधन दलों के सामने रख दी है। ज्ञात हो कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में राजद ने एक भी विधानसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को लीड दिलाने में विफल रही है। इसके बावजूद सात विधानासभा सीटों पर दावेदारी कर अभी से ही गठबंधन दलों के नेताओं को सोचने के लिए विवश कर दिया है।

मालूम हो कि एक तरफ झारखंड कांग्रेस ने 33 सीटों पर दावेदारी ठोक दी है। वहीं झामुमो की भी दबी इच्छा इस बार 45 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने की है। इसके बाद अब राजद ने भी 81 विस सीट पर चुनावी तैयारी शुरू करने का निर्देश पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दे दी है। पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि राज्य में राजद के जनाधार को देखते हुए पार्टी अगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। ये महत्वाकांक्षा तब हिलोरें मार रही हैं जब लोकसभा चुनाव में राजद का कोई भी कद्दावर नेता अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र में राजद या सहयोगी दलों के उम्मीदवार को लीड नहीं दिलवा सके।

राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव से लेकर चंपाई सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में लीड नहीं दिलवी सके है। वहीं राजद के झारखंड प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव से लेकर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों को लीड नहीं दिलवा सके। इसके बावजूद पार्टी के प्रदेश महासचिव कहते हैं कि लोकसभा और विधानसभा की परिस्थितियां अलग-अलग होती है, इसका ख्याल सबको रखना चाहिए।

### लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी की झारखंड में तेजी से बढ़ी है लोकप्रियता : कैलाश यादव

झारखंड विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी के पक्ष में कैलाश यादव ने कहा कि हमारा वोट राज्य के हर जिला में हैं। हमारे नेता तेजस्वी यादव की लोकप्रियता इस बार के लोकसभा चुनाव में दिखा और राज्य के अलग-अलग लोकसभा सीट पर उनकी चुनावी सभाएं हुई। राजद नेता ने कहा कि उनके नेता लालू प्रसाद ओबीसी, माइनॉरिटीज और दबे वंचित समाज के सबसे बड़े नेता हैं। राज्य में राजद का अपना जनाधार रहा है इसलिए पार्टी अब 81 विधानसभा सीट पर तैयारी कर रही है। राजद नेता कैलाश यादव ने कहा कि वर्ष 2019 में महागठबंधन में भले ही हम सिर्फ 07 सीटों पर लड़े हों लेकिन इस बार हम अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की तीन दर्जन सीट पर राजद ने अपनी दावेदारी की लकीर खींच दी है। दूसरी ओर राजद की दावेदारी पर झामूमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि महागठबंधन के सभी दलों को सभी विधानसभा सीट पर तैयारी करना चाहिए क्योंकि इसका लाभ सभी सहयोगी दलों को मिलता है।

# झारखंड में पुलिस ने 150 दिनों में 32708 वारंट का किया निष्पादन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड पुलिस ने 150 (01 जनवरी से 31 मई) दिनों में 32708 वारंट निष्पादित किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस ने बड़े पैमाने पर वारंट के निष्पादन को लेकर अभियान चलाया था। वर्तमान में झारखंड में अब 5005 वारंट लंबित है। झारखंड पुलिस ने कुर्की जब्ती से जुड़े 2057 मामलों का निष्पादन किया। वर्तमान में कुर्की जब्ती के 327 मामले लंबित हैं।

**किन जिलों में वारंट का हुआ निष्पादन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची : | 4752 | चतरा : | 920 |
| खूंटी : | 114 | गिरिडीह : | 1239 |
| गुमला : | 342 | धनबाद : | 3753 |
| सिमडेगा : | 25 | बोकारो : | 708 |
| लोहरदगा : | 282 | दुमका : | 870 |
| चाईबासा : | 1846 | गोड्डा : | 617 |
| सरायकेला : | 1387 | जामताड़ा : | 227 |
| जमशेदपुर : | 1395 | देवघर : | 1735 |
| पलामू : | 1626 | साहेबगंज : | 2643 |
| लातेहार : | 699 | पाकुड : | 1440 |
| गढ़वा : | 884 | रेल धनबाद : | 23 |
| हजारीबाग : | 4094 | रेल जमशेदपुर : | 20 |
| रामगढ़ : | 711 | कुल : | 32708 |
| कोडरमा : | 356 | | |

**Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
OFFICE OF THE REGISTRAR
Ranchi – 834008 (Jharkhand)
Memo No: DSPMU/ G/482/24 Date: 15/06/2024

Walk-in-Interview is scheduled for the post of Programmer at DSPMU, Ranchi purely on contractual basis for 11 months which may be extended depending upon the University requirement and performance assessment. Eligible, energetic and hard-working candidates who meet the desired qualification as mentioned below may walk-in with their latest CV as per the schedule given below.

**Eligibility Criterion:** BCA/MCA/M, Sc.-IT obtained from any recognized University or AICTE approved institutions with First Class.

**Interview Schedule:** Wednesday, 26th June, 2024 from 10:30 AM onwards in Administrative Block, DSPMU, Ranchi.

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.

## आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू का दामन

# राज्य की मौजूदा हालत बदलने के लिए संकल्पित होकर काम करें : सुदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है। सुदेश महतो रांची कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में कही। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने चर्चा की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में बहुत कुछ खोया है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर वे हर वर्ग में पहुंचें।




### गिरिडीह लोस क्षेत्र की जीत साधारण नहीं

केंद्रीय अध्यक्ष ने लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राज्य भर के कार्यकताओं और मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट में पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत दिलाने में कार्यकताओं और गठबंधन के सहयोगी साथियों का साथ महत्वपूर्ण रहा है। यह कोई साधारण जीत नहीं है।

### निष्ठा के साथ निभाएं जिम्मेदारी : सीपी चौधरी

पार्टी के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। चुनाव परिणामों की समीक्षा आवश्यक है। समीक्षा उपरांत उस कमी को दूर करना है। हम सभी को एक कार्यकर्ता के नाते अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है।

### आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार : सहिस

प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा कि आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार है। हम सभी सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा पर चलने वाले लोग हैं। झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है। यह निराशाजनक है।

### विकास कार्यों को धरातल पर उतारेंगे : लंबोदर

पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ जीत की नहीं विकास की बात करती है। पार्टी के भावी कार्यक्रम को हम भी मिलकर धरातल पर उतारने का काम करेंगे। इससे पहले पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के नवनिर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का गिरिडीह से एक बार फिर सांसद बनने पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक से पूर्व पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### 22 जून को बलिदान दिवस

आगामी 22 जून को आजसू पार्टी अपना स्थापना दिवस राज्यभर में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन युवा सम्मेलन भी होगा।

**इन्होंने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता**

चन्दन सिंह, गोलू यादव , गौरव मिश्रा, अरमान सिंह, प्रेम यादव, राजकिशोर कमल उफ पींकू, रवींद्र सिंह, कैलाश सिंह, दिनेश सिंह पांडेय, धीरण सिंह, विकास राज, प्रकाश राम, सुगन साव, शिवशंकर यादव, रमेश कुमार उफ डब्लू सोनी, ओम प्रकश वर्मा, अशोक साव, राजेंद्र प्रसाद कसेरा, राजू ठाकुर, जय प्रसाद रजक, मनोज राणा, नंदकिशोर भुइयां, संजय यादव, रीता देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, सबिता देवी, मंदोदरी देवी, शिवदयाल साव, नारायण यादव, मनोज यादव, बालेश्वर साव, राहुल साव, लीला यादव, प्रिया, उषा आदि।

# बकरीद के बाजार में डेढ़ लाख में बिका शेरा, किंग बकरे की कीमत 1.20 लाख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कुबार्नी का पर्व बकरीद को लेकर रविवार को रांची में बकरों का बाजार सज चुका है। कर्बला चौक और मेन रोड में बकरा का हाट लगाया गया है। इस वर्ष रांची के बाजार में 25 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक के बकरे उपलब्ध हैं। वहीं लोगों के बीच किंग और शेरा नाम के बकरे की चर्चा जोरों पर है। शेरा नामक बकरे की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है तो वहीं किंग नामक बकरे की कीमत 1.20 लाख है। हालांकि महंगाई के कारण ज्यादातर लोगों ने छोटे बकरे की ही खरीदारी की। महंगे बकरों की बिक्री इस वर्ष कम हुई।

**भीषण गर्मी की वजह से कारोबार प्रभावित** : भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण बकरा का बाजार थोड़ा मंदा रहा। व्यापारियों ने बताया कि गर्मी की वजह से सिर्फ सुबह और शाम में ग्राहक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा दिन भर व्यापारियों को खाली बैठना पड़ा। बाजार मंदा रहने की दूसरी वजह यह है कि गर्मी में लोग मटन या दूसरे नॉनवेज खाना पसंद नहीं करते हैं। इस वजह से भी बकरीद का बाजार प्रभावित हुआ है।

**रांची में इन स्थानों में लगाए गए बकरा बाजार** : रांची में मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के पास बकरीद को लेकर बकरा हाट लगा है। इसके अलावा बरियातू, हटिया और कर्बला चौक के पास बकरे का बाजार लगाया गया है। वहीं हाट में बकरा खरीदने पहुंचे ग्राहकों ने कहा कि गर्मी की वजह से देर शाम बकरीद की बाजार कर रहे हैं।

### आज पढ़ी जायेगी बकरीद की नमाज

बताते चलें कि राजधानी रांची के विभिन्न मस्जिदों में 17 जून सोमवार को बकरीद की नमाज पढ़ी जाएगी। गर्मी को देखते हुए सभी मस्जिदों में सुबह 8:00 बजे तक नमाज पढ़ी जायेगी और फिर खरीदे गए बकरों की कुबार्नी देकर बकरीद का त्योहार का त्योहार मनाया जाएगा।



## रांची में लापता है अवैध रूप से प्रवेश करनेवाली तीन बांगलादेशी युवतियां, पुलिस को है तलाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हाल के दिनों में बंधक बनायी गयी तीन बांगलादेशी लड़कियों के मुक्त कराने के बाद उनलोगों का बयान था कि तीन अन्य बांगलादेशी लड़कियां रांची आई हैं। वे भी अवैध तरीके से रांची में प्रवेश की है। अब उन तीनों लड़कियों की तलाश रांची पुलिस कर रही है। लेकिन, अबतक पुलिस को तीनों के बारे में कोई खास सुराग नहीं मिल पाया है।

**रांची आकर हो गयीं गायब :** रांची पुलिस को बांगलादेशी लड़की झूमा, मनीषा और हसी अख्तर नाम की तीन लड़कियों की तलाश है, तीनों अपने तीन अन्य सहेलियों के साथ भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से अवैध तरीके से रांची पहुंची थी। पांच जून को छह में से तीन लड़कियों को रांची के बरियातू इलाके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन झूमा, मनीषा और हसी अख्तर अभी भी लापता है।

### पुलिस ने रिमांड के लिए कोर्ट को दिया है आवेदन

झूमा, मनीषा और हसी अख्तर की जानकारी हासिल करने के लिए अब पूर्व में गिरफ्तार की गई उनकी दो सहेलियो निम्पी बरुवा, निपा अख्तर और सरमीन अख्तर को जेल से रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिये बरियातू थाना पुलिस निम्पी बरुवा, निपा अख्तर और सरमीन अख्तर को रिमांड पर लेने के लिए अदालत में आवेदन दिया है।

### क्या है पूरा मामला

गौरतलब है कि तीन बांग्लादेश और एक बंगाल की रहने लड़कियां जिस्म के सौदागरों के चुंगल से भाग रांची पुलिस के पनाह में पहुंची थी। लड़कियां बिना वीजा पासपोर्ट के भारत पहुंची थी और रांची में आकर जिस्म के सौदागरों के जाल में फंस गई थी। तीन बांग्लादेशी और बंगाल की एक लड़की को बरियातू स्थित बाली रिसार्ट में बंधक बनाकर रखा गया था, चारों पर अनैतिक देह व्यापार करने का दबाब डाला जा रहा था। अनैतिक देह व्यापार से मना करने पर चारों लड़कियों को कैद करके रखा गया था। इसी बीच एक लड़की किसी तरह रिसॉर्ट की छत से कूद कर भाग और थाना पहुंच गई, थाना पहुंच लड़की ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस में छापेमारी कर अन्य तीनों लड़कियों को बरामद किया था।

### महिला की मौत पर हुआ था हंगामा, रिम्स में बिसरा सुरक्षित

## चौधरी नर्सिंग होम में 35 वर्षीय महिला की मौत पर अदालत ने मांगी केस डायरी

**परिजनों ने गलत इंजेक्शन देने के साथ ही इलाज में लापरवाही का लगाया था आरोप, सुखदेवनगर थाने में दर्ज है प्राथमिकी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के पिस्का मोड़ इलाके के चौधरी नर्सिंग होम में 14 मई को महिला कौशल्या मिश्रा (35 वर्ष) की मौत के मामले में अदालत ने केस डायरी मांगी है। यह केस डायरी सुखदेवनगर थाना पुलिस से मांगी गयी है। इसके पूर्व कौशल्या मिश्रा का पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी पुलिस को मिल गया है।



महिला के बिसरा को सुरक्षित रख लिया गया है।

महिला की मौत के बाद उनके परिजनों ने काफी हंगामा किया था। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। उस वक्त भीड़ का तेवर देख नर्सिंग होम के डॉक्टर और कर्मचारी भाग खड़े हुए थे। अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को 50 हजार रुपये मुआवजा भी दिया था। मृत महिला के पति पिस्का मोड़ लक्ष्मीनगर लकड़ी टाल निवासी पंचानंद मिश्रा ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था।

**पेट दर्द होने पर महिला को नर्सिंग होम लाया गया था:** मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार की सुबह करीब चार-पांच बजे पत्नी कौशल्या मिश्रा को पेट दर्द होने पर चौधरी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे थे। इस दौरान वहां डॉ. अर्चना चौधरी उपस्थित थीं। इन्होंने महिला को देखने के बाद कुछ जांच करने और पानी चढ़ाने के लिए जेनरल वार्ड में भर्ती कर लिया। यह कहा कि पानी और दवा चढ़ाने के बाद आप महिला को ले जा सकते हैं। पंचानंद मिश्रा के अनुसार इसके बाद उनकी पत्नी को पानी चढ़ाया जाने लगा। इस क्रम में महिला का दम घुटने लगा और वह तड़पने लगी। इसके बाद चिकित्सक महिला को ऑपरेशन थिएटर ले गयी और एक इंजेक्शन दिया। लेकिन महिला को कौन का इंजेक्शन लगाया गया, अस्पताल के कर्मचारी इसे बताने से कतराने लगे। इसके बाद दिन के एक बजे महिला को मृत घोषित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी की मौत डॉ अर्चना चौधरी की लापरवाही और संभवतः गलत इंजेक्शन लगाने के कारण हुई है।

### सेल सिटी में रिटायर जीएम के फ्लैट में चोरी

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में चोरों का आतंक बढ़ गया है। इस बार चोरों ने सेल के रिटायर जीएम के फ्लैट में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सेल के रिटायर जीएम बसंत कुमार के लिखे गये पत्र से सेल सिटी सोसाइटी की सुरक्षा की पोल खुली है। बसंत कुमार ने पत्र में लिखा है कि उनकी सास का देहांत हो गया था, जिसकी वजह से वह अपने सेल सिटी स्थित फ्लैट में ताला बंद कर पत्नी के साथ पटना चले गये थे। शनिवार की रात उनके पड़ोसी ने उन्हें फोन कर बताया कि आपके फ्लैट का ताला टूट हुआ है। रिटायर जीएम को वीडियो कॉल पर पड़ोसी फ्लैट के अंदर गया, तो देखा कि अंदर के एक कमरे का दरवाजा भी टूटा पड़ा है। कमरे के अंदर रखा अलमीरा भी खुला है और उसमें रखे सभी कीमती गहने भी गायब थे। चोरी की वारदात के बाद रिटायर जीएम ने पुंदाग ओपी को मामले की जानकारी दी।

## तड़ीपार अपराधियों के गुर्गे दे रहे लूटकांड की घटनाओं को अंजाम

**पंडरा इलाके के ज्वेलर्स दुकान में हुए लूटकांड में पुलिस को नहीं मिला अबतक कोई सुराग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के पंडरा इलाके समेत अन्य इलाकों में हो रही लूटपाट को अंजाम रांची पुलिस के द्वारा तड़ीपार अपराधियों के गुर्गे अंजाम दे रहे हैं। रांची पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

गौरतलब हो कि पंडरा इलाके के पंचवटी ज्वेलर्स में अपराधियों ने गुरुवार को दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में रांची पुलिस के हाथ अब तक खाली है। हालांकि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ की है लेकिन रांची पुलिस अब तक अपराधियों को नहीं पकड़ पाई हैं। रांची पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है फिलहाल इस घटना में शामिल किसी भी अपराधी की पहचान नहीं हो पाई है।

**ऐसे घटी थी घटना** : रांची में लुटेरों ने आठ मिनट में 60 लाख के गहने लूट लिए थे। लुटेरों ने बुजुर्ग महिला को देखकर उन्हें निशाना बनाया था। जेवर कारोबारी दीपक साहू ने बताया कि गुरुवार की दोपहर उनकी मां और एक कर्मचारी जेवर दुकान में बैठे हुए थे, इसी दौरान तीन युवक पहुंचे और उन्होंने उनकी मां से सोने का ब्रेसलेट दिखाने को कहा। एक दो ब्रेसलेट देखने के बाद अचानक अपराधियों ने हथियार निकाल लिया और बुजुर्ग महिला को अपने कब्जे में लेकर मात्र 8 मिनट में 60 लाख के गहने लूट कर फरार हो गए। लूटपाट की पूरी घटना सीसीटीवी कमरे में कैद है। उसी के आधार पर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है।

### फर्जी एग्रीमेंट बनाकर जमीन कब्जा करने का प्रयास कर रहे भू-माफिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी और झारखंड जेएमएम नेता आजम अहमद, मोहम्मद सरफराज अहमद, मोहम्मद इस्लाम, रोशन तस्लीम, मोहम्मद रिजवान ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कहा कि मेरी जमीन मौजा हुंडरू, थाना डोरंडा खाता नंबर 69, प्लॉट नंबर 60, रकबा 20 डिसमिल भूमि पर जमीन माफिया मोहम्मद सद्दू, पिता स्वर्गीय मोहम्मद इकराम, रोशन आरा, पति स्वर्गीय मोहम्मद इकराम के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने के उद्देश्य से काम कराया जा रहा है। इस संबंध में डोरंडा थाना और डीएसपी हटिया को लिखित शिकायत की गई है। झारखंड



आंदोलनकारी नेता आजम ने कहा कि पुलिस की शह पर भू-माफियाओं के द्वारा लगातार काम किया जा रहा है जबकि उन लोगों के पास कोई भी कागज नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पुश्तैनी जमीन हमारे पिता स्वर्गीय मोहम्मद कुर्बान ने खरीदी है जिस जमीन का खतियान, म्यूटेशन रशीद सब कुछ हमारे पास है। आजम अहमद और उनके भाइयों ने रांची जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी।

### सेक्स रैकेट केस : रांची पुलिस ने होटल मौर्या व स्पा सेंटर में की छापेमारी, दो युवती समेत तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सेक्स रैकेट मामले में रांची पुलिस ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित होटल मौर्या और स्पा सेंटर में छापेमारी कर दो युवती और एक युवक को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृव में यह छापेमारी की गई। गौरतलब है कि राजधानी में पिछले एक महीने के दौरान अलग-अलग इलाके में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ रांची पुलिस ने किया है।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई** : अरगोड़ा चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली थी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने अरगोड़ा चौक के पास होटल मौर्या में रेड कर पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार के हाजीपुर जबकि दूसरी बंगाल की रहने वाली है। सभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया, हालांकि कुछ लोग भागने में सफल रहे। वहीं पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी छापेमारी की गयी। हालांकि वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला, पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में भी सेक्स रैकेट चल रहा है।



## पुलिस पदाधिकारियों को दी जा रही है इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग

**नये आपराधिक कानूनों को समझने की कवायद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस को देश भर में एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानून का अध्ययन करेंगे। इसी क्रम में रांची, धनबाद ओर विशेष शाखा के 100 पुलिस पदाधिकारी का दूसरे सत्र का प्रशिक्षण 18 जून से निर्धारित किया गया है। पुलिस पदाधिकारियों को तीन नये कानून के साथ प्रथम सत्र का प्रशिक्षण 10 जून से 14 जून तक रांची पुलिस केन्द्र में पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। द्वितीय सत्र का प्रशिक्षण 18 जून से निर्धारित है। जिसमे रांची, धनबाद जिला एवं विशेष शाखा रांची के पुलिस पदाधिकारी शामिल रहेंगे। तीन की संख्या में मास्टर ट्रेनर के रूप प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षण देंगे।

**फरवरी में अधिसूचना, जुलाई से होगा लागू** : केंद्र सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर फरवरी में अधिसूचना जारी कर दी है। तीन नए आपराधिका कानून एक जुलाई, 2024 से लागू हो जाएंगे। इसके अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ओर साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।

### सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट से चकाचक होगा इलाका

## 20.40 करोड़ की लागत से कोकर औद्योगिक क्षेत्र की संवरेगी सूरत

**पूरी की जा रही है टेंडर की प्रक्रिया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के कोकर औद्योगिक क्षेत्र की सूरत जल्द ही संवरेगी। इसके लिए 20 करोड़ 40 लाख 85 हजार 877 खर्च किये जायेंगे। जियाडा कोकर औद्योगिक क्षेत्र में रोड, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य सौंदर्यीकरण का काम करेगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। बताते चलें कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार कोकर औद्योगिक क्षेत्र में 143 प्लॉट एलॉट हो चुके हैं, जबकि 35 प्लॉट खाली पड़े हैं। झारखंड में नये उद्योगों का तेजी से विस्तार हो रहा है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य के 12 इंडस्ट्रियल एरिया में जियाडा में एक भी प्लॉट खाली नहीं है। सारे प्लॉट उद्योगों को एलॉट कर दिये गये हैं। बोकारो में जियाडा के सिर्फ आठ प्रतिशत प्लॉट खाली हैं। संताल परगना में 11.7 प्रतिशत और आदित्यपुर में 20.7 प्रतिशत प्लॉट खाली है। वहीं रांची रीजन में 59.6 प्रतिशत प्लॉट खाली हैं।


### झुमरीतिलैया और रामगढ़ में प्लॉट ही नहीं

जियाडा के तहत आने वाले इंडस्ट्रियल एरिया के रामगढ़, झुमरीतिलैया, बसिया, कसिरा, मेराल, जलता, चकला (ओरमांझी) बभनी, सरवाल, तेनसेरा, कुल्ही, सिकरी, हुसैनाबाद में एक भी प्लॉट खाली नहीं है। इसके अलावा तुपुदाना में 23, खूंटी में 13, नामकुम में 04, पतरातू में 22, लोहरदगा में 49, गुमला में 20 और डालटनगंज में 33 प्लॉट खाली हैं।

### 21 जून को जारी होगा खेलगांव से नामकुम आरोबी सड़क का टेंडर

**रांची।** राजधानी रांची में खेल गांव से नामकुम आरओबी सड़क को इनर रिंग रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। 21 जून को इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। बताते चलें कि आचार संहित लगने के पहले हुए कैबिनेट की बैठक में इस सड़क के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इस सड़क के निर्माण में 53.64 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस सड़क का निर्माण कार्य एक साल तीन महीने में पूरा होगा। इस सड़क के बनने से नामकुम की ओर से आने वाले वाहनों को काफी फायदा होगा। वे खेलगांव होते हुए बूटी मोड़ निकल सकेंगे। आवागमन अधिक सुगम होगा।

### सोना चांदी व्यवसाय समिति का प्रतिनिधिमंडल वरीय आरक्षी अधीक्षक से मिला



रांची। सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी के नेतृत्व में रविवार को एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें मुख्य रूप से पीड़ित दुकानदार न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के मलिक दीपक साहू सहित चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य एवं व्यवसायी उमेश प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष गोपाल सोनी, कान्यकुब पंचायत के महासचिव एवं व्यवसायी मुकेश वर्मा, जिला अध्यक्ष उदय बर्मन ने घटना की जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक से ली। मुलाकात के दौरान मिले आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 72 घंटे का जो आंदोलन के समय सीमा निर्धारित किया था, उसे पुनः 72 घंटे के लिए आग बढ़ाने का निर्णय लिया।

### चतरा से आकर रांची में हथियार के बल पर लूटते थे पिकअप वैन, तीन गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जो चतरा से आकर रांची में लूटपाट की घटना को अंजाम देता था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक हथियार, ओरमांझी से लूटी गयी बाइक, 19 स्मार्ट और की-पैड फोन, 1900 रुपये नकद, वायर कटर, लोहे का रिंच और लोहे का हुक बरामद किया है। पकड़े गये आरोपियों में मो मजहर आलम उर्फ राजा, सुधीर कुमार विश्वकर्मा, मो अमन अंसारी उर्फ सोनू शामिल है। इन तीनों ने चान्हों एरिया से एक पिकअप वैन लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था।

### सीएमपीडीआई सिंगल यूज प्लास्टिक खत्म करने को चलायेगा जागरुकता अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने 16 से 30 जून तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर की। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, मुख्यालय, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाडा. के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट/कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां सम्पन्न होगी। लोगों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत महात्मा गांधी के क्लीन एवं हाइजिन भारत के सपने को पूरा करने के लिए कोल इंडिया और इसकी सहायक कम्पनियां 16 जून से 30 जून, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रही हैं। इसमें कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा ने किया संजय सेठ का नागरिक अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चिरोंदी स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल में नवनियुक्त रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरूण साहू ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुये कहा कि जनता का मोदी जी पर अटूट विश्वास से यह जीत सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। उन्होंने झारखंड की इंडी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में अराजकता चरम पर है। चोरी, डकैती राज्य में आम हो चुका है। पूरे देश में झारखंड भ्रष्टाचार के लिए चर्चित है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता राज्य सरकार की विधाई कर देगी। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अभी हम सभी सेमीफाइनल जीतें हैं। फाइनल चुनाव विधानसभा का होने वाला है। आने वाले विधानसभा चुनाव में रांची लोकसभा के सभी सीटों पर भाजपा की विजय होगी। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि पूरा देश मोदी के नीतियों पर विश्वास कर रही है।



अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय सेठ के अलावा विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जयसवाल, विधायक समरी लाल, सीमा पासवान, सुरेंद्र महतो, अजय मारू, महेश पोद्दार, राम कुमार पाहन, जीतू चरण राम, संजीव विजयवर्गीय, शशांक राज, बलराम सिंह एवं नरेंद्र सिंह उपस्थित थे। सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, रमेश सिंह, संदीप वर्मा, राजू सिंह, जितेंद्र वर्मा, प्रीतम साहू, मनोज चौधरी, बसंत दास, ललिता ओझा, अनीता वर्मा, राम लगन राम, अर्जुन मुंडा, जॉनी वॉकर खान, गोपाल सोनी, प्रमोद शाहदेव आदि भी उपस्थित थे।

### एक्वा वर्ल्ड में डांस रांची डांस का ग्रैंड फिनाले संपन्न, आराध्या और सौम्या बनी विजेता



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में पिछले पांच शनिवार से चल रहे डांस रांची डांस नृत्य प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रविवार को संपन्न हो गया। इस डांस प्रतियोगिता का आयोजन एक्वा वर्ल्ड और दीपांजलि नृत्य ग्रुप से संयुक्त रूप से किया था। फाइनल में एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, को चेयरमैन डॉ विद्या शाहदेव, दीपांजलि के निदेशक झारखंड रत्न विपुल नायक उपस्थित थे। सभी विजेताओं को अतिथि एवं निर्णायकों के द्वारा पुरस्कृत किया गया और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी गुरुपर्व पर अंतिम दीवान में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता






**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष में दो दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन रविवार को दीवान सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 11:00 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा हम पापी तुम पाप खंडन नीको ठाकुर देसा माधो हम ऐसे तू ऐसा.......शबद गायन से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने मेरे मन सुखदाता हरि सोइ, गुर परसादी पाईऐ करमि परापति होइ...... शबद गायन किया।

विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई तवनीत सिंह ने से सिमरे जिन आप सिमराए नानक था कै लागो पाए....... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को भावविभोर कर दिया।

मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्द्र सिंह द्वारा अरदास,वाहेगुरु का हुकुमनामा पढ़े जाने एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति दोपहर 3:00 बजे हुई। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने भाई नवनीत सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने आयोजन में सहयोग के लिए स्त्री सत्संग सभा, गुरुनानक सेवक जत्था समेत सभी सेवादारों का शुक्रिया अदा किया। .मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इस मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया।

सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चले इस रक्तदान शिविर में दो महिलाओं समेत कुल चौदह लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। मौके पर हरविंदर सिंह बेदी, हरगोबिंद सिंह, चरणजीत मुंजाल, वेद प्रकाश मिढ़ा, रमेश पपनेजा, कवलजीत मिढ़ा, कमल मुंजाल, मोहन लाल अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन अपने सदस्यों को करेगा सम्मान

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2022- 24 के 1 वर्ष पूर्ण होने पर अपने सदस्यों को सम्मानित करेगा। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने बताया कि सम्मान देने से कार्य करने वालों की ऊर्जा में वृद्धि होती है और उन्हें कार्य करने में संबल मिलता है एवं दूसरों को कार्य करने की प्रेरणा मिलती है । सम्मान प्राप्त करने वाले इस प्रकार है सर्वश्रेष्ठ पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय पदाधिकारी मार्गदर्शन संरक्षक विनय सरावगी , परामर्श दात्रि अजय मारु पूर्व सांसद राज्यसभा, महेश पोद्दार पूर्व सांसद राज्यसभा, प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवहरि बंका, ओम प्रकाश रिगसिया जमशेदपुर, प्रांतीय पदाधिकारी रवि शंकर शर्मा प्रांतीय महामंत्री, राहुल मारू प्रांतीय कोषाध्यक्ष, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री दीपक पारीक जमशेदपुर, सौरभ सरावगी रांची, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक जैन पांड्या गिरिडीह, शिव कुमार सर्राफ देवघर, प्रमंडलीय मंत्री राजेंद्र कुमार मेहरिया दुमका, विमल कुमार बुधिया रामगढ़, सर्वश्रेष्ठ जिला अध्यक्ष श्रवण केडिया गिरिडीह जिला अध्यक्ष, श्याम सुंदर जैन बोकारो जिला अध्यक्ष, कैलाश प्रसाद वर्मा दुमका जिला अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ जिला कार्यक्रम पूर्व सिंहभुम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, देवघर जिला मारवाड़ी सम्मेलन, सर्वश्रेष्ठ सदस्यता अभियान गिरिडीह जिला, धनबाद जिला, पूर्वी सिंहभूम जिला, सर्वश्रेष्ठ जिला मंत्री ललित झुनझुनवाला धनबाद, कमल कुमार लाठ चाईबासा, बिगन कुमार टिंबडेवाल चतरा, सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार साकची शाखा जिला पूर्वी सिंहभूम, मधुपुर शाखा जिला देवघर, बेरमो शाखा जिला बोकारो, जुगसलाई शाखा जिला पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़ शाखा जिला रामगढ़ इसके अलावा अध्यक्ष प्रोत्साहन पुरस्कार श्याम सुंदर शर्मा कार्यालय मंत्री रांची, मनीष लोधा कार्यालय प्रबंधक रांची, राजेश कौशिक सदस्यता संयोजक रांची, किशन कुमार अग्रवाल सदस्यता वृद्धि, प्रदीप चौधरी सरायकेला खरसावां, प्रमंडलीय अधिवेशन कार्यक्रम संयोजक से प्रदीप डोकानिया गिरिडीह, अंजय कुमार अग्रवाल रामगढ़, विनोद सिंघानिया दुमका, रमेश चौमाल चाईबासा को सम्मानित किया जाएगा।

# पहाड़ी मंदिर की दान पेटी से मिला डॉलर और दीनार

## कुल छह लाख पैंतालीस हजार दो सौ इकतीस रुपया निकला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा एवं राजेश साहू, बादल सिंह के नेतृत्व में रविवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य दान पेटियों को खोला गया। गिनती की प्रक्रिया में सभी सदस्य, मंदिर के पुजारी, सुखदेवनगर थाना एवं श्रद्धालु गण की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करा कर दान पेटी खोला गया और उसकी गिनती की गई। जिसमें डॉलर एवं दीनार के साथ छ लाख पैतालीस हजार दो सौ इकतीस रुपया निकला (645231) नगद मिला। सभी सदस्यों की उपस्थिति में उसकी गिनती की गई इन सारी प्रक्रिया में समिति के सचिव राकेश सिन्हा एवं वित्त प्रभारी राजेश साहू, राजेंद्र सिंह, राजकुमार तलेजा, उर्मिला चौधरी, दीपक नंन्दा, जीतू, राम सिंह, पुजारी मनोज मिश्रा, बेबी सिंह, बद्री,अमन सिंह, अश्विनी, पूजा, सोनी, आकांक्षा शर्मा एवं तमाम शिव भक्त, मंदिर के लोग उपस्थित थे। सभी रकम को पहाड़ी मंदिर विकाश समिति राँची के बैंक अकाउंट में जमा कराया जाएगा इन सारी बातों की जानकारी बादल सिंह ने दी।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर संचालन समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रविवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर संचालन समिति की बैठक हुई। यह समीक्षा बैठक रामअवतार नारसरिया की अध्यक्षता में हुई। आगामी 21 जून से 23 जून तक होने वाली त्रीदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की तैयारीयों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। श्री प्रदीप नारसरिया ने 21 जून शुक्रवार को निकलने वाली शोभायात्रा के बारे में सारी जानकारी दी। भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश जगतजननी महालक्ष्मी और भूदेवी के साथ पालकी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और भक्तों के दरवाजे तक जाकर एवं सड़क पर चलते हुए लोगों को दर्शन देकर कृतार्थ करेंगे। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के कल्याणोत्सव में शामिल होने वाले कुवारे युवा. युवतियो के विवाह शीघ्र ही हो जाते हैं । शोभायात्रा के साथ 151 मातायें पारंपरिक वेशभूषा में तिरुपति बालाजी का ध्वजनिशान लेकर चलेंगी। भगवान की पालकी उठाने के लिए विशेषज्ञों का दल 19 जून को कांचीपुरम से रांची पहुंचेगी। शोभायात्रा अपराह्न 3. 00 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी और श्रीराणीसती मंदिर के सामने वाली गली से होते हुये हरमू रोड, गाड़ी खाना चौक से कार्ट सराय रोड होते हुये शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी और महावीर चौक होते हुये श्रीराणी सती मंदिर रोड के स्वामी भगवान दास सत्संग हॉल में समापन होगी। विनय धरनीधरका ने मंदिर परिसर और कल्याणोत्सव हॉल की सजावट के बारे में और जगतनियंता भगवान तिरुपति जी की पुष्प श्रृंगार के बारे में व्यापक चर्चा की । सजावट और श्रृंगार के कारीगर कोलकाता से रांची पहुंचे गये हैं और उन्होंने अपना काम शुरू कर दिया है। अनूप अग्रवाल ने प्रतिदिन के भोग प्रसाद और रविवार को भगवान के विवाह के भंडारे के बारे में जानकारी दी।

संचालन समिति के अध्यक्ष जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज अपने परिकरों के साथ श्रीधाम वृंदावन से 20 जून को रांची पहुंचेंगे और वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी के निर्देशन में संपन्न होंगें। बैठक में रामअवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, घनश्याम दास शर्मा, विनय धरनीधरका , कन्हैयालाल लोहिया, अशोक राजगढ़िया, सुशील लोहिया, संतोष मोदी, राजेश सुल्तानिया आदि उपस्थित थे।

## एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद मनाने की अपील

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने बकरीद के मौके पर सभी राज्य वासियों मुस्लिम भाई बहनों से हर्षोल्लास आपसी एकता भाईचारा शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद मनाने की अपील की है। श्री आदिल ने कहा कि बकरीद के मौके पर हम सभी बुराइयों से दूर रहकर आपसी मेल मिलाप और एक दूसरे के प्रति त्याग की भावना रखते हुए सबसे गले मिलकर एकता और विकास की दुआ करें।

## लोकहित अधिकार पार्टी के प्रधान महासचिव बने मो. अजहर आलम



**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने मो. अजहर आलम को झारखंड प्रदेश का प्रधान महासचिव मनोनित किया है। अपने मनोनय पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से पार्टी ने हम पर भरोसा किया है और पार्टी ने इतना बड़ा दायित्व दिया है। इसके लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ,राष्ट्रीय महामंत्री सतीश गांधी एवं झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। इनके मनोनय पर हरिनाथ साहू , कुंज बिहारी साहू ,ब्रजकिशोर , मोहम्मद कयूम अंसारी , सफीक अंसारी , इमरान खान , शशिकांत ठाकुर , दिलीप कुमार उरांव , ज्ञानेश्वर साहू इत्यादि लोगों ने बधाई दी है।

# झारखंड के 44 स्थानों पर हुई गंगा आरती

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन, दामोदर बचाओ आंदोलन और देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड राज्य के 44 स्थानों पर गंगा दशहरा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बोकारो जिला के ललपनिया में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक लम्बोदर महतो, दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर स्थित रजरप्पा मंदिर रामगढ़ में मुख्य अतिथि के रूप में वस्तु एवं सेवा कर आयुक्त संतोष कुमार वत्स एवं युगांतर भारती के कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शरण, चन्द्रपुरा बोकारो में वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान, चंद्रपुरा परियोजना मनोज कुमार ठाकुर, चुटिया स्थित इक्कीस महादेव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सहित हजारों लोग पूरे राज्य से अपने-अपने क्षेत्रों में शामिल हुये।

इस अवसर पर संतोष कुमार वत्स ने कहा कि गंगा दशहरा कार्यक्रम अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता को प्रोत्साहन मिलता है। युगांतर भारती के कार्यकारी अध्यक्षए अंशुल शरण ने कहा कि आज का दिन नदियों का आभार मानने का दिन है। मानव सभ्यता में नदियों का ही सबसे बड़ा योगदान है।

# श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष बने चंद्र प्रकाश बागला और मंत्री धीरज बंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची महानगर की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल की आम सभा सत्र 2024-2026 के निर्वाचन हेतु रवीवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में बैठक हुई। अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा की श्री श्याम प्रभु की असीम कृपा से विगत 57 वर्षों से श्री श्याम प्रभु की वन्दना करते हुए श्री श्याम मण्डल धर्म प्रचार व नर-नारायण सेवा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आकांक्षा है। मंत्री धीरज बंका ने मण्डल के कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सारस्वत ने वार्षिक आय-व्याय का ब्योरा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। मौके पर ओम जोशी को मण्डल के संरक्षक मनोनित किये गये। निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर साबू द्वारा नये पदाधिकारी व कार्यकारणी की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। नये सत्र के लिए चन्द्र प्रकाश बागला अध्यक्ष, मनोज सिंघानिया उपाध्यक्ष, धीरज बंका मंत्री, सुमित पोद्दार उपमंत्री, राजेश सारस्वत कोषाध्यक्ष, जीतेश अग्रवाल प्रचार मंत्री, विवेक ढांढनीया पूजा जागरण मंत्री, मनोज ढांढनीया श्रृंगार मंत्री निर्वाचित किए गए एवम् ज्योति पोद्दार अंकेक्ष। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य ज्ञान प्रकाश बागला, प्रमोद बगरडीया , अजय शंकर साबू, अरुण धनुका, नितेश केजरीवाल, नितेश लखोटिया, श्रअमित जालान निर्वाचित हुए एवम सुमित पोद्दार को मीडिया प्रभारी का प्रभार मिला।

## रातू रोड कब्रिस्तान में किया गया पौधरोपण



**रांची।** अंजुमन जाफरिया रांची के द्वारा शहर में पौधारोपण का काम मस्जिद जाफरिया के प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी के नेतृत्व में रविवार को शहर में वृक्षारोपण शुरू किया गया। रातू रोड कब्रिस्तान में करीब 50 पेड़ लगाये गये। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया रांची वर्किंग कमेटी के सदस्य नजीब अहमद, वसीम अहमद, जावेद अहमद, सोहेल सईद और अंजुमन जाफरिया के निहाल हुसैन, प्रो आगा जफर, डॉ गजनफर अब्बास, अमौद अब्बास, सैयद शाहरुख रिजवी, हैदर अली, हाजी इकबाल हुसैन, ताबिश अली, कादिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# श्रमिकों को उनके वेतन और सामाजिक सुरक्षा का उचित हिस्सा मिले : महुआ माजी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय घरेलू कामगार दिवस के मौके पर रविवार को संत जोसफ क्लब में राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन द्वारा आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि घरेलू कामगारों को उनके वेतन और सामाजिक सुरक्षा का उचित हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष घरेलू कार्यों में संलग्न है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नौकरियां दुर्लभ हो गई है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि ऐसे श्रमिकों को उनके वेतन और सामाजिक सुरक्षा का उचित हिस्सा मिले।

भारत में आज तक इस क्षेत्र में कोई डेटा नहीं है, जिसमें से अधिकांश महिलाएं हैं। मौके पर राज्य संयोजिक सिस्टर अंशु ने घरेलू कामगारों के लिए कई मांग रखी। इस मौके पर अंशु केरकेट्टा, अनीशा लकड़ा ,मनीषा एक्का, मंजिता तिर्की, किरण मिंज ,अंजली गुप्ता, अतुल भुइया, अनूप होरो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### लायंस क्लब ऑफ कैपिटल के सदस्यों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को किया सम्मानित

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के सदस्यों ने रविवार को राँची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को फूल बुके और शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष पंकज मिढा ने मिठाई खिला कर उन्हें बधाई दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि सांसद संजय सेठ लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के संस्थापक सदस्य एवम पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। इस कार्यक्रम मे अनूप अग्रवाल, पंकज मिढ़ा एवम संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### श्री राम भरत मिलाप समिति ने संजय सेठ का किया स्वागत

**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का अग्रसेन भवन में आयोजित नई दिशा के कार्यक्रम में स्वागत किया गया। श्री सेठ के समिति के कार्यक्रम में सम्मिलित चित्र का कोलाज बनाकर उन्हें भेंट किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि सांसद का बहुत बड़ा योगदान समिति को रहा है। इस अवसर पर देवराज बर्मन, आशीष जोशी, विनय ठाकुर, स्निग्ध रंजन, नम्रता सोनी, प्रकाश बर्मन, प्रिया सिन्हा, मीनू प्रसाद डांगी, महेश विजय, जितेंद्र कुमार बरनवाल, सुनील विजय सहित समिति के अन्य सदस्य सम्मिलित हुये।

### जेल अदालत में दो मामलों का हुआ निष्पादन

**रांची।** झालसा के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में जेल अदालत-सह-विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने की। इसमें न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के लिए दो बंदियों के आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया। कैदियों में ओसामा अंसारी उर्फ नटराजन (पे0-मो0 मकबुल अंसारी उर्फ मकबुल हाफिज) और मो नौशाद अंसारी उर्फ सोनू (पे0- नसीम आलम) शामिल थे। मौके पर जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में डिप्टी (एल.ए.डी.सी.) राजेश कमार सिन्हा ने बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी। एल.ए.डी.सी. सदस्य सौरभ पाण्डेय ने बंदियों को जमानतदार भरने के संबंध में बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बंदियों की समस्या सुनी। बंदियों से आवेदन लेकर उक्त समस्या का तुरंत निराकरण के लिए उपस्थित एल.ए.डी.सी. एवं सदस्यों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कमलेश बेहरा, सार्थक शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, कारापाल, सहायक कारापाल, काराकर्मी एवं एल.ए.डी.सी.-सह-जेल विजिटर, न्यायालयकर्मी, बंदी उपस्थित थे।

# मूलवासी सदानों की भावना से सिर्फ खिलवाड़ करते रहे हैं क्षेत्रीय दल : राजेंद्र

## मूलवासी सदानों की उपेक्षा पर भाजपा की खामोशी से पार्टी को हो रहा है नुकसान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि मूलवासी सदानों का वोट भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम और आजसू को मिलते रहा है। लेकिन इसमें ज्यादातर वोट भाजपा को ही मिलता है। इस बात को शायद भाजपा नेतृत्व समझ नहीं पा रही है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड लोकसभा चुनाव में आरक्षित सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम के प्रत्याशी सिर्फ आदिवासियों के वोट से चुनाव नहीं जीते हैं, उन्हें सदानों का भी वोट मिला है। श्री प्रसाद ने कहा गांडेय में कल्पना सोरेन क्या सिर्फ आदिवासीयों के वोट से जीती है? उन्होंने कहा कि खूंटी, गुमला, सिमडेगा, दुमका, लोहरदगा, लातेहार और चाईबासा के इन सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य है। यही कारण है कि खूंटी ,लोहरदगा, दुमका और चाईबासा में भाजपा लोकसभा की चुनाव हारी है। इन जिलों में मूलवासी सदानों ने भारी संख्या में भाजपा के खिलाफ वोट किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में मूलवासी सदानों के मूलभूत समस्याओं को भाजपा के सांसद, विधायक ,मंत्री उठाते नहीं हैं। इस कारण दिनों- दिन भाजपा से मूलवासी सदान दूर होते जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि विधानसभा और लोकसभा में भाजपा की सीट घट रही है। सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य है। इस मुद्दे पर भाजपा विपक्ष में रहते हुए भी झारखण्ड सरकार को घेर नहीं पा रही है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि भाजपा को वास्तविकता स्वीकार करना चाहिए और भाजपा का जो मुल वोटर मूलवासी सदान है, उसे पर फोकस करना चाहिए। कहा यदि भाजपा को झारखण्ड में सरकार बनानी है तो पार्टी संगठन से जमीन दलाल और माफिया को दूर रखना होगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झामुमो की सरकार मूलवासियों के लिए सिर्फ भावनात्मक बातें करती है मूलवासी सदानों के हितों के लिए कोई काम नहीं करती है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 1932 के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाने की बात कह कर झामुमो चुनाव जीत कर सरकार बनाई थी। लेकिन यह वायदे पूरा नहीं कर पाई। झारखण्ड में मूलवासी सदान बहुसंख्यक हैं। लेकिन इनका लगातार उपेक्षा हो रही है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में पेसा कानून लागू किया जा रहा है लेकिन इस कानून से मूलवासी सदानों का कितना नुकसान होगा या उन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, इस पर सरकार कोई विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा या झारखण्ड के लिए बहुत बड़ा घातक है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा इन सब बातों पर सरकार को विचार करना चाहिए।

स्पीड न्यूज

### नगड़ी में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे लाइन में नगड़ी के एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों ने मृतक व्यक्ति का पहचान नगड़ी निवासी लगभग 52 वर्षीय संजय केसरी पान दुकान के रूप में किया गया। मौके पर पहुंची नगड़ी पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पिस्का रेलवे क्रॉसिंग से 150 मीटर दूर लगभग साढ़े पांच बजे रांची की तरफ से राजधानी एक्सप्रेस रांची आ रही थी। ठीक उसी समय मृतक संजय केसरी रेल के चपेट पर आने से मौत हो गयी। मृतक संजय केसरी अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं।

### कार से टकराई बाइक, दो युवक घायल, एक गंभीर

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के कुटे चौक के समीप कार और बाइक की टक्कर से बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कांके थाना क्षेत्र के पतरा गोंदा निवासी रोहित मुंडा (23 वर्ष) व पिंटू मुंडा (18 वर्ष) शामिल हैं। घटना रविवार की रात साढ़े सात बजे की है।इस घटना में बाइक चला रहे रोहित मुंडा को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। जबकि पिंटू मुंडा को शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। रोहित की स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर अवस्था में सीएचसी ओरमांझी ले गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक पर सवार होकर रोज आईलैंड देखकर तेज रफ्तार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुटे चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक कार को जोरदार टक्कर हो गई। कार चालक मौके से कार को लेकर भागने में सफल रहा।

### डीएवी कंदरी के निकट सड़क हादसे में युवक घायल

**मांडर।** डीएवी कंदरी के पास रविवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया है। बताया जाता है कि सुरसा निवासी तीस वर्षीय सारनो उरांव अपनी बाइक से एक परिचित के यहां मिलने जा रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट एक मारुति वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल पहुंचाया। हादसे में इसका एक पैर टूट गया है।

### बुंडू में पारंपरिक रीति-रिवाज से हुई ग्राम पूजा

**बुंडू।** जेठ महीने का संक्रांति पूजा अर्चना ग्राम थान और सरना स्थल में ग्राम देवता का शनिवार को पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना संपन्न हो गया। किसानों के फसल उत्पादन के लिए पर्याप्त बारिश और गांव में रोग मुक्त होने के लिए प्रकृति देव से मन्नतें मांगी। गांव में संक्रांति पूजा संपन्न होने के बाद किसान खेत में धान बीज बुआई करने के लिए खेतों की जुताई करने में लग गए हैं। उत्तम किस्म के धान बीज की खरीदारी शुरू हो गई है, लेकिन सरकार द्वारा संचालित लैंपस लिमिटेड में अभी तक धान बीज गोदाम में नहीं आया है। सरकार द्वारा कम दर पर किसानों को खाद बीज उत्तम किस्म का उपलब्ध कराना है, परन्तु बुंडू अनुमंडल की सभी लैंपस लिमिटेड में धान बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण बाजार की दुकानों में किसानों को ऊंची कीमत पर खरीदना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि समय अनुसार सरकार धान बीज खाद एवं अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं करती है। जिससे आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# तालाब निर्माण से बेहतर होगा जल स्तर

## कागज पर हो रहा है तालाब का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती गांव बुंडू मायापुर में पिछले एक साल से सिर्फ कागज पर एक तालाब का निर्माण चल रहा है। जहां तालाब का निर्माण होना है वहां एक छोटा तालाब नुमा गड्ढा है। जिसमें चारों ओर से झाड़ियां उग आयी हैं। जहां पानी नहीं किचड़ भरा है। वहीं आसपास के लगभग 2.5 एकड़ भूमि में तालाब निर्माण होना है। जिला परिषद कमिश्नर मुंडा ने बताया कि तालाब निर्माण के लिए उसने ही दो एकड़ जमीन दी है। ग्रामसभा के माध्यम से पास कराने के साथ पूरी कागजी प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। इसके बावजूद अभी तक जमीन में तालाब निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विभाग के लोग एक दो बार भूमि का निरीक्षण पहुंच थं। निरीक्षण के बाद सिर्फ कागज पर भी निर्माण कार्य हो रहा है। वहीं पंचायत के पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव करने बताया गांव की लगभग 500 आबादी है। तालाब निर्माण होने से लोगों को सिंचाई के लिए पानी और



मायापुर के तालाब नुमा गड्ढा जिसमें होना है तालाब निर्माण।

गांव के मवेशियों को पीने की पानी सुविधा होगी। वहीं जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा का कहना है कि तालाब का निर्माण के लिए जमीन इसलिए दिए हैं कि गांव वाले को पानी की सुविधा के साथ मछली पालन कर रोजगार का बढ़ावा दे सके और इससे गांव की गिरती जलस्तर में भी सुधार होगा।

# सेमरा गांव में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में नहाने गए तीन बच्चों की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। तीनो बच्चे रविन्द्र महली 9 वर्षए प्रिंस तिग्गा 8 वर्ष ए हर्षित महली 6 वर्ष दिन के बारह बजे सेमरा तालाब में नहाने गए थे। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि नहाने के क्रम में एक बच्चा गहरे पानी मे डूबने लगा जिसे बचाने में और दोनों बच्चे डूब गए। बच्चों के घर नही पहुंचने पर स्वजन ढूंढते हुए तालाब की ओर गए जहां पर एक साइकिल और बच्चों का चप्पल पर नजर पड़ी। रविवार रात आठ बजे के करीब बच्चों को रेस्कयू कर बाहर निकाला गया। उक्त तालाब में बीच मे करीब पांच फीट पानी होगा। बच्चों के स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल। तीनो बच्चे मां बाप के एकलौता पुत्र थे। इटकी थाना पुलिस को कूर्गी पंचायत के मुखिया रमेश महली द्वारा सूचना दी गयी। सोमवार को पोस्टमार्टम में भेज जाएगा।

# ईद उल अजहा आज, सभी तैयारी पूरी

## ईदगाह-मस्जिदों में नमाज, सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में ईद उल अजहा सोमवार को मनायी जायेगी। प्रशासन की ओर से कन्नौज, बानापीड़ी, जाड़ी, परहेपाट, पुरियो, हुरहुरी, काठीटांड़, पाली, बड़काटोली, आमटांड़, पिर्रा, फुटकलटोली, सिमलिया, अलकमर कॉलोनी, अगडू, भोंडा, बिजुलिया, चापाटोली, चितरकोटा, तिगरा, हिंसरी, बाजपुर व गड़री में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये हैं। थानेदार शशिभूषण चौधरी इसकी कमान संभालेंगे। हुरहुरी, पाली, ईदगाह टंगरा, फुटकलटोली व सिमलिया में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## शांति से मनायें त्योहार



अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी ने इस्लाम धर्मावलंबियों से बकरीद शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। श्री अंसारी ने जानकारी दी कि ईदगाह व मस्जिदों में सुबह 8 बजे तक नमाज अदा कर ली जायेगी। उन्होंने बताया कि इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

## जानें नमाज का समय

कन्नौज-सात बजे, बानापीड़ी-सात बजे, जाड़ी- सात बजे, परहेपाट- सात बजे, पुरियो-सात बजे, पाली- साढ़े छह बजे, चितरकोटा- सात बजे, बड़काटोली- सात बजे, फुटकलटोली- सात बजे, सिमलिया- साढ़े छह बजे, अलकमर कॉलोनी- साढ़े छह बजे, ईदगाह टंगरा- आठ बजे, काठीटांड़- साढ़े छह बजे, हुरहुरी और व पिर्रा- सात बजे।

# ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा में मना फादर्स डे, काटा गया केक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** अंतरराष्ट्रीय फादर्स डे के मौके पर रविवार को ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गीता पाठशाला के सभी बहन-भाइयों ने केक काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम में बीके मोहनी उर्फ भूमि बहन ने फादर्स डे का इतिहास बताते हुए कहा कि पहली बार 19 जून 1910 को वाशिंगटन में फादर्स डे मनाया गया था। ऐसा कहा जाता है कि जब सोनेरा डोड बच्ची थीए तब उसकी माँ की मृत्यु हो गई थी और उसके बाद उसके पिता विलियम स्मार्ट ने सोनोरा को मां की तरह प्यार किया। उन्होंने कहा पिता हमारी जिंदगी के ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ अगर हमारा रिश्ता मजबूत हो तो जीवन की आधी समस्याएं अपने आप ही ठीक हो जाती हैं। कहा कि एक पिता ही अपने बच्चों के लिए अपने सारे अरमान को त्याग करता है। पुत्र के लिए पिता की दी गई यह अरमान आहुति को पूरा करना असंभव है ।वही इस अवसर पर गीता पाठशाला के प्रेमचंद भाई ने कलयुग के अंत व सतयुग की शुरूआत के बीच का संगम युग पर लौकिक, अलौकिक व पारलौकिक पिता की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए तीनों पिता का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में अनेकों बहन-भाई शामिल हुए।

# बिजली तार चोरी कर रहा युवक पोल से गिरा, मौत

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के नुनुहू ग्राम मे बिजली के तार की चोरी करने पहुंचे एक युवक की पोल से गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की है। बताया जाता है मांडर थाना के मुड़मा निवासी 26 वर्षीय ताहा अंसारी अपने कुछ दोस्तों के साथ पिकअप वैन को लेकर बिजली का तार चोरी करने नुन्हू ईंट भट्ठा के निकट पहुंचा था। ताहा अंसारी पोल के ऊपर चढ़कर तार को काट रहा था।

इसी दौरान किसी एक ग्रामीण की नजर पड़ी और उसके द्वारा शोर मचाने पर बहुत सारे गांव के लोग जमा होने लगे। ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ देखकर उसके अन्य साथी पिकअप वैन लेकर फरार हो गए। जबकि वह ग्रामीणों की भीड़ देखकर हड़बड़ी में उतरने के कारण पोल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई तभी वहां पुलिस पहुंचकर युवक को अपने कब्जे में लेकर घायल अवस्था में उसे चान्हो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से बिजली का एक बंडल तार व तार काटने का एक बड़ा कटर बरामद किया गया है।

> पोल से गिरने के कारण उसके सिर पर गंभीर चोट थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चोरी का सामान भी घटनास्थल पर था। पुलिस ताहा आपराधिक प्रवृत्ति का युवक था और वह हत्या के एक मामले में पहले भी जेल जा चुका था।
>
> **अजीम अंसारी, थाना प्रभारी चान्हो।**

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



संजय सेठ को बधाई देते भाजपा कार्यकर्तागण।

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को बधाई दी गई। भाजपा के पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष जयगोविंद उर्फ लालू साहू के साथ ओरमांझी के कई भाजपा कार्यकर्ता रविवार को संजय सेठ से मिलने पहुंचे। उन्हें पुष्प गुच्छे देकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनने पर बधाई दी। वहीं संजय सेठ ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह के प्रति अभार जताया और कहा कि कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह के दिशा-निर्देशों और मिली जिम्मेवारी व भरोसा को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर विधायक समरीलाल भी उपस्थित थे। बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व काली पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष अजय सिंह, सत्यमराज कुशवाहा शामिल हैं।

# मैक्लुस्कीगंज : आगजनी में जिंदा जले मजदूर मामले में एक और धराया, जेल

## अपराधी के पास से 315 बोर का राईफल तथा गोली बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में आगजनी कर मजदूर को जिंदा जलाने के मामला में एक और अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अपराधी के पास से 315 बोर का राईफल तथा गोली बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज कांड संख्या 25/2024 के तहत मैक्लुस्कीगंज रोड में स्थित दुल्ली करमकोचा टोला के पास सड़क किनारे खड़ा एसाईपीएल कंपनी के ड्रील मशीन लदा हुआ कंटेनर ट्रक जो बीएसएनएल कंपनी का फाईबर केबल बिछाने का काम कर रही थी। जिसे अपराधियों ने आग लगा कर जला दिया गया था, जिसमें संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। इसी कांड में फरार चल रहे एक अपराधी नरेश यादव पिता देवनाथ यादव ग्राम दुल्ली निवासी को गुप्त सूचना के आधार पर 15 जून की रात्रि जंगल के आसपास में नरेश यादव हथियार के साथ भ्रमणशील है। छापामारी हेतू पुलिस उपाधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, इंस्पेक्टर विजय सिंह, थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज गोविंद कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों एवं पुलिस बल द्वारा दुल्ली जंगल से हथियार के साथ धर दबोचा जिसके पास से 315 बोर का राईफल तथा गोली बरामद हुआ।





# एक नजर में

### लू की चपेट में आने से महिला की मौत



अनगड़ा। प्रचंड गर्मी में लू के चपेट में आने से शीला देवी 45 वर्ष पति स्व भीखना भोक्ता नामक एक महिला की इलाज के क्रम में रविवार को सदर अस्पताल रांची में मौत हो गयी। महिला मूसंगू पूरी टोला का रहने वाली थी बताया गया कि शनिवार को वह चिलचिलाती धूप में दोपहर में काम करके जैसे घर में प्रवेश की वह अचेत होकर गिर गई बाद में उसे तुरन्त रिंची अस्पताल जोन्हां इलाज के लिए लाया गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सदर अस्पताल रांची रेफर कर दिया गया। जहां रविवार को इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की लू लगने से आकस्मिक मौत की खबर सुनकर कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो एवं प्रदीप साहू ने शोक सवेदना व्यक्त किए तथा महिला के परिजनों को अश्वासन दिए कि प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर आपदा राहत के तहत सरकार की ओर से मदद दिलाया जाएगा।

### इटकी : यौन शोषण के आरोपी को जेल

**इटकी।** बहला फुसला व जान मारने का भय दिखा कर यौन शोषण कर 21 वर्षीय युवती को गर्भवती करने के 48 वर्षीय आरोपी धनंजय साहू को इटकी थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इटकी थाना क्षेत्र की 21 वर्षीय युवती ने आरोपी चचगुरा गांव के धनंजय साहू पर प्रलोभन देकर घर बुलाया और और टीवी पर अश्लील फिल्म दिखाकर जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। घटना तीन माह पूर्व की बताई गई है। उसके बाद आरोपी द्वारा बार बार बालिका के साथ यौन शोषण करता रहा। इस दरमियान बालिका को किसी को बताने पर उसके पिता को अपहरण कर जान मारने की धमकी देता था। इस बीच बालिका गर्भवती हो गयी। स्वजनो ने जब कुकर्मी के बारे में पूछा तो बालिका ने धनंजय साहू का नाम बताई, तब स्वजनों ने इटकी थाना में लिखित आवेदन देकर कुकर्मी आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। जिसकी आलोक में इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने त्वरित कार्यवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बालिका को मेडिकल जांच के लिए सोमवार को भेजा जाएगा।

### अनगड़ा में सुबह 6.30 से होगी इदुल अजहा की नमाज

**अनगड़ा।** सोमवार को बकरीद का त्यौहार प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवों में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत के रूप में मनाया जाएगा असल में कुबार्नी पैगम्बर हजरत इब्राहीम अझैहिस्सलाम की सुन्नत है जो आज से कई हजार वर्ष पूर्व अल्लाह ताला ईश्वर की रजा के लिए अपने बेटे इस्माईल अलैहिस्सलाम को अरब के मीना नामक जगह पर कुर्बानी देने के लिए ले गए थे। अल्लाह इश्वर ने उनकी कुर्बानी त्याग पर खुश होकर उनके बेटे की जगह अरब का एक जानवर दुम्बा को लिटा दिया गया और हजरत ने दुम्बे की कुबार्नी दी। इसी कुर्बानी और त्याग के याद को ताजा करते हुए बकरीद का त्यौहार मनाया जाता है और बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रखंड के विभिन्न इलाकों सोमवार को बकरीद का त्यौहार आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। इसकी तैयारी कर ली गयी है। पुलिस प्रशासन ने भी सौहार्द पूर्ण त्यौहार मनाने के लिए तैयारी की है। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में इदुल अजहा की नमाज सोमवार को 6.30 से 7.00 बजे के बीच अदा की जाएगी।

# एनके प्रबंधन के सकारात्मक पहल की संयुक्त श्रमिक संगठन ने की सराहना

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक भीआईपी सभगार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मिथलेश कुमार सिंह एवं संचालन शैलेश कुमार ने किया। बैठक में सीसीएल द्वारा 05 स्कूल बस एनके क्षेत्र में उपलब्ध कराने हेतु प्रबंधन की सराहना किया गया। कहा गया कि क्षेत्र का बढ़ा समस्या रहा है सभी यूनियन का यह मांग लम्बे समय से था। संयुक्त श्रमिक संगठन लगभग दो महीने से चल रहे आंदोलन और 10 जून को हुई एनके प्रबंधन और संयुक्त श्रमिक संगठन के बिच वार्ता की समीक्षा की गई। समीक्षा में प्रबंधन को बिस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के माध्यम से संयुक्त श्रमिक संगठन एन के प्रबंधन से मांग किया गया कि वार्ता के अनुसार समय से सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक विभाग और सीएसआर के पिछले 2 वर्षो का कार्य का एटीआर जल्द उपलब्ध कराये। बायोमेट्रिक हाजरी पहले ठेका मजदूरों का बनाने कार्य शुरू करे। इसके अलावा अन्य मुद्दे जो वार्ता मे प्रबंधन ने सहमती दी। एन के प्रबंधन संयुक्त श्रमिक संगठन के साथ हुई वार्ता पर समय से समाधान नहीं करती है तो यूनियन पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बैठक में अमरभूषण सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव, कृष्णा चौहान, डीपी सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, राजेंद्र चौहान, अजय चौहान, उदय सिंह, जय मंगल सिंह, जगदीश चौहान, ईशान गंझु, राम पुकार मुंडा, रामप्रकाश मौजूद थे।



# रमदग्गा गांव में अगलगी से कई घर जले, 10 लाख का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के रमदग्गा गांव में रविवार की दोपहर एक घर में लगी आग की लपटों से अगल बगल के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग को बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां को काफी मासक्कत करनी पड़ी। आग इतनी ज्यादा फैल चुकी थी की उसे बुझाने में लगभग दो घंटे लग गए। इस घटना में लगभग दस लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव की एक महिला प्रमिला देवी दोपहर एक बजे कोयले के चूल्हे में खाना बना रही थी। खाना बनाने के बाद चूल्हे को बिना बुझाए ही घर में अन्य तीनों की तरह वह नहाने चली गई। इसी बीच उसके घर से धुआं निकलने लगा। आसपास के लोग जब तक जमा होते तब तक लकड़ी का घर होने के कारण उसके घर में आग पूरी तरह लग चुकी थी। देखते ही देखते आग की लपटों ने प्रमिला के घर के आसपास स्थित अनिल साहू, राजेश साहू, भीम साहू, सुदेश साहू, किशोरी साहू, दीपक साहू, नकुल साहू, महेंद्र साहू और मनोज साहू के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया पर वे असफल रहे। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने ही चान्हो पुलिस ने खलारी सीसीएल से दमकल की एक गाड़ी और साथ ही राजधानी से भी एक दमकल की गाड़ी मंगाई। दोनों ही गाड़ियों ने अथक प्रयास के बाद आग बुझाने में सफलता पाई।

# अनगड़ा : बीसा में दहकते अंगारों पर चले शिवभक्त

## मंडा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के बीसा पंचायत अन्तर्गत पाहन टोली में शनिवार की रात महाशिव उपासना के साथ मंडा आयोजन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चल कर फूलखुंदी का रस्म अदायगी करके सोकता और भोगताओं द्वारा अपना शिवभक्ति का परिचय दिए ।श इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा शिव की महिमा पूजा पाठ करने से एवं इस तरह का गांव में मंडा पूजा करने से ग्रामीणों के बीच शिव भक्तों में विश्वास बढ़ेगा, जिससे समाज में आपराधिक घटना और समाज में बढ़ रहे कुरीतियों का नाश होगा। रात्रि में भव्य छऊ नृत्य कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय सहित आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। छऊ नृत्य का उदघाटन केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव मुखिया मुखिया मनज्योति देवी सत्यदेव मुंडा उमेश बड़ाईक और मंडा पूजा समिति के दिलीप कुमार पाहन समल मुंडा



सलिखराम बड़ाईक जगु महली संजय भोगता मानेश्वर मुंडा योगेंद्र महतो शंभू बड़ाईक कपिल बड़ाईक इत्यादि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर समिति के हरिहर बड़ाईक रान्तु भोकता पसुवा लोहरा विनोद पाहन बुधराम बेदिया फागु बेदिया आदि उपस्थित थे।

# रिकार्ड बनायेगी निर्मला


मोदी 3.0 सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार अपने दूसरे कार्यकाल में वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला। अब वह वित्त वर्ष 2025 के लिए बजट पेश करने की तैयारियों में जुट गई है। जुलाई के अंतिम पखवाड़े में पेश होने वाला बजट न सिर्फ आम जनता के लिए बल्कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए भी खास होने वाला है। लगातार 7वीं बार बजट पेश करके सीतारमण इतिहास रचने के लिए रचने के लिए तैयार हैं। ऐसा करने वाली वह देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इसी के साथ वह, मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगी, जिन्होंने लगातार छह बजट पेश किए थे। मोरारजी देसाई ने 1959 से 1964 तक देश के वित्त मंत्री का कार्यभार संभाला था। देसाई ने पांच दशकों से अधिक समय तक भारत के किसी भी वित्त मंत्री द्वारा कुल दस बजट पेश करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने 24 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979 तक भारत के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया। 2019 के लोक सभा चुनावों के बाद, सीतारमण को मोदी 2.0 सरकार में वित्त मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। वह इंदिरा गांधी के बाद बजट पेश करने वाली दूसरी महिला बनीं। अब तक, सीतारमण 2024 के लोक सभा चुनावों से पहले इस साल की शुरूआत में पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर चुकी हैं। वह पहले ही मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी. चिदंबरम और यशवंत सिन्हा सहित अपने पूर्ववर्तियों के पांच-बजट के सिलसिले को पीछे छोड़ चुकी हैं। इस साल 1 फरवरी को पेश किए गए अंतरिम बजट के साथ, सीतारमण ने मोरारजी देसाई के लगातार छह बजट पेश करने के रिकॉर्ड की बराबरी की। और अब वह मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट पेश कर मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ एक नया इतिहास रचने वाली हैं।

# पाक प्रयोजित आतंक

जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार आतंकी हमले हुए हैं। रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुएप्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है। लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

# नीतियों में बार-बार बदलाव से पैदा होती अनिश्चितता





- प्रसन्नजीत

**गेहूं** के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद भी मामला अब तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में एक पूर्व शर्त रखी कि सरकार से सरकार के स्तर पर निर्यात किए जाने वाले गेहूं का इस्तेमाल केवल घरेलू खपत के लिए किया जाएगा और उसे किसी अन्य देश को निर्यात नहीं किया जाएगा। इस बीच समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार बांग्लादेश को भेजा जाने वाला चार लाख टन गेहूं जो हजारों ट्रकों में लदा हुआ है, वह भी पश्चिम बंगाल में फंसा रहा है क्योंकि सीमा शुल्क अधिकारी उसे आगे नहीं जाने दे रहे।

ऐसे में इस समूचे घटनाक्रम पर एक त्वरित निगाह डालने की आवश्यकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने विश्व स्तर पर गेहूं की कमी पैदा की क्योंकि यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक देशों में से एक है। वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतों में मजबूती को भारतीय किसानों तथा कारोबारियों के लिए एक बड़े अवसर के रूप में देखा गया क्योंकि वे विश्व बाजार मे अपना माल बेच सकते थे। प्रधानमंत्री ने तो यहां तक दावा कर दिया था कि भारत दुनिया का पेट भरने में सक्षम है और वह गेहूं आपूर्ति के मामले में यूक्रेन की कमी को पूरा कर सकता है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है लेकिन वह गेहूं का बड़ा निर्यातक नहीं रहा है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने एक कार्यबल गठित किया और नौ देशों में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया ताकि भारतीय गेहूं को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल की रवानगी के महज एक दिन पहले सरकार ने अचानक यह घोषणा कर दी कि गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाती है।

निर्यात पर अचानक प्रतिबंध लगाने की घोषणा से अफरातफरी का माहौल बन गया। बंदरगाहों पर जाने के लिए ट्रकों पर लदी गेहूं की खेप वहीं फंस गई क्योंकि यह स्पष्ट नहीं था कि उन्हें जहाजों पर लादा जाएगा अथवा नहीं। जिन किसानों ने अपनी उपज सरकारी एजेंसियों को नहीं बेची थी क्योंकि वे ऊंची वैश्विक कीमतों का लाभ उठाना चाहते थे वे भी अचानक उठाए गए इस कदम से फंस गए।

> दक्षिण के कई राज्यों में आबादी की कृषि पर निर्भरता कम हुई है। इसके चलते विनिर्माण को गति मिली और इन राज्यों में तकनीक सक्षम सेवा क्षेत्र में भी मजबूती आई। शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ। इन क्षेत्रों में दक्षिण के राज्य उत्तर के राज्यों से काफी आगे हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय राजनीति में वह कद नहीं है जो उत्तर और पश्चिम के राज्यों का है।

इसके पश्चात स्पष्टीकरण आने शुरू हुए। कहा गया कि जिन अनुबंधों पर निजी कारोबारी पहले हस्ताक्षर कर चुके हैं उन्हें निर्यात करने दिया जाएगा। यह भी कहा गया कि सरकारों के बीच होने वाले सौदे जारी रहेंगे। ताजा ब्योरे के अनुसार भारत से गेहूं खरीदने वाले देशों को उसका घरेलू इस्तेमाल करना होगा। यह उचित निर्णय है हालांकि इसे शुरूआत में ही स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए था।

उनमें से कुछ विरोधाभासी होती हैं और उन्हें आगे और अधिक स्पष्ट करने की आवश्यकता होती है। उच्च स्तरीय अधिकारियों की ओर से कोयला खरीद/आयात, दूरसंचार, कोविड-19 टीके के निर्यात, ई-कॉमर्स तथा यहां तक कि इलेक्ट्रिक वाहन बनाम पेट्रोल-डीजल इंजन को लेकर की गई घोषणाओं के मामले में भी ऐसा देखने को मिला। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) जैसे बड़े कानूनों की बात करें तो यहां भी अधिसूचना, बदलाव, संशोधन एवं स्पष्टीकरण आदि आमतौर पर देखने को मिलते रहे। मूल कानून पारित होने के बाद बहुत लंबे समय तक इनका सिलसिला चलता रहा। आईबीसी के मामले में तो आगे भी संशोधनों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जीएसटी के मामले में दरों के साथ लगातार छेड़छाड़ की जा रही है जबकि इसे जारी किए हुए करीब पांच वर्ष का समय बीत चुका है। कोई भी नीति पहले दिन से एकदम परिपूर्ण नहीं हो सकती। ऐसे में समय के साथ प्रतिपुष्टि के आधार पर उनमें संशोधन करना और उन्हें बेहतर बनाना भी समझ में आता है।

बहरहाल, एक धारणा जो जोर पकड़ रही है वह यह है कि भारत में नीतिगत घोषणाएं अक्सर पर्याप्त चर्चा और बहस के बिना ही कर दी जाती हैं। अक्सर नियमों के मसौदे अलग-थलग ढंग से तैयार कर लिए जाते हैं और उन लोगों से कोई मशविरा नहीं लिया जाता जो उनसे प्रभावित होने वाले होते हैं। ज्यादातर मामलों में घोषणाएं अल्पावधि पर केंद्रित होती हैं और उनकी प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी होती है, बजाय कि सुविचारित रणनीतियों के।

यह भी संभव है कि प्रतिपुष्टि उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचे और उसके पूर्व ही घोषणाएं हो जाएं। गेहूं से जुड़े प्रतिनिधिमंडल और निर्यात प्रतिबंध की बात करें तो जमीनी अधिकारियों को यह बात तो पता ही होगी कि गर्म हवा के थपेड़ों के कारण फसल प्रभावित हुई है और उत्पादन अनुमान के मुताबिक नहीं हुआ है। कोई भी निवेशक चाहता है कि नीतिगत दिशा स्पष्ट रहे तथा जमीन पर पैसा लगाने के पहले वह स्थिरता सुनिश्चित करना चाहता है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह नीतिगत पंगुता की शिकार थी। ऐसा इसलिए कि वहां इतनी बहसें होती थीं कि समय पर कोई नीति बन ही नहीं पाती थी। मौजूदा प्रशासन की बात करें तो दिक्कत इसके उलट है। नीतिगत घोषणाएं बहुत जल्दी की जाती हैं और उतनी ही जल्दी उन्हें पलट भी दिया जाता है।

यह एक ऐसा अवसर था जो किसानों के हित में था। जिस न्यूनतम सर्मथन मूल्य को लेकर इतना बड़ा आंदोलन हुआ आज गेहूं का मूल्य उससे अधिक हो गया था। इससे अच्छी स्थिति कुछ हो ही नहीं सकता लेकिन सरकार की नीति अजब गजब टाईप की रही है। निश्चित ही आने वाले समय में सरकार को लोकप्रियता को त्याग कर व्यवहारिक स्तर पर नीति तय करना होगा जिससे यह कठिनाई समाप्त हो जाए। आज सरकार की नीति में कोई स्पष्टता नहीं रही है।


## खास बात

### भक्ति का मार्ग योग

स्वामी मुक्तरथ



योगसाधन के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैः- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार को विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग



कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, (सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# प्राण का बोध

## धर्म-प्रवाह

साध्वी मनीषा

**जब** स्वांस भीतर जाती है तो इसका आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस भीतर जा रही है। स्वांस बाहर जाती है तो इसका भी आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस बाहर जा रही है। तब आप पाएंगे कि एक गहन शांति उतर आई है। यदि आप स्वांस आ रही है, जा रही है इसे गहराई से देख सको तो यह क्रिया अभी तक की खोजी गई ज्ञान की सारी क्रियाओं से सर्वश्रेष्ठ क्रिया है और फिर किसी भी क्रिया की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वांस सदैव वर्तमान में है। हम अतीत में स्वांस नहीं ले सकते और न ही भविष्य में स्वांस ले सकते हैं। स्वांस लेना हमेशा इसी क्षण में है। लेकिन मन अतीत के बारे में सोच सकता है और भविष्य के बारे में सोच सकता है। शरीर तो वर्तमान में होता है लेकिन, मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है। शरीर और मन के बीच में एक विभाजन हो जाता है। शरीर वर्तमान में रहता है और मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता है। वे कभी भी मिलते नहीं, वे कभी एक दूसरे के सामने नहीं आते और उसी विभाजन के कारण विषाद, चिंता, तनाव और अशांति पैदा होते हैं। हर एक तनावग्रस्त है और वह तनाव ही चिंता व अशांति है। इस मन को वर्तमान में लाना है क्योंकि वर्तमान के अतिरिक्त दूसरा कोई समय है ही नहीं। इसलिए अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता से मन को स्वांसों की धुन में लीन करके स्वांसों के इसी पल में एकाकार करें तभी स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान होती है। परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से मनुष्य जीवन सफल होता है।

उपद्रवियों पर कार्रवाई ऐसी हो, जो असामाजिक सोच रखने वाले सभी तत्वों के लिए एक उदाहरण बने और माहौल बिगाड़ने के बारे में कोई सोच भी न सके।

– आदित्यनाथ योगी

## रोचक ट्वीट



युवा ऊर्जा से देश के विकास को नई गति मिल रही है।श्री मोदी जी की सरकार हमारी युवा शक्ति को सशक्त कर रही है ताकि उन्हें आत्मनिर्भरभारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार किया जा सके।

–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री



बापू के आदर्श ही स्वतंत्र भारत की नींव हैं। हमारे देश ने सदा विश्व के सामने सत्य, अहिंसा और भाईचारे की मिसाल कायम की है। नफरत और अशांति हमारी राह नहीं है। आपसी सद्भावना रखना सभी देशवासियों की ज़िम्मेदारी है।

–राहुल गांधी

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

**यह** एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम पीटा जाना दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

अनुराधा, गढ़वा

### सख्त कदम उठाएं

**भारत** में सोशल मीडिया और सरकार के बीच कानून के पालन को लेकर गहराया विवाद दुनिया के अन्य देशों में भी प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। नाइजीरिया सरकार ने ट्विटर को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर अपने सख्त इरादे जाहिर कर दिए हैं। अगर भारत के कानून को देश में ही अहमियत नहीं मिले तो सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने चाहिए।

–अमृतलाल मारू, रांची

# हिंसक उपद्रवी के विरोध के पीछे कौन सी देश विरोधी ताकतें

## समाज

**विरोध** यदि लोकतांत्रिक तरीके से किया जाए, तो इसमें आपत्ति नहीं है, पर यदि पत्थरबाजी और आगजनी जैसी हिंसक कार्रवाइयों का सहारा लिया जाएगा, तो चिंता होना स्वाभाविक है। इस दौरान सकारात्मक बातें भी हुई हैं। दिल्ली के शाही इमाम ने खुद को जामा मस्जिद के बाहर हुए प्रदर्शन से अलग किया। दूसरी तरफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम मौलानाओं से कहा है कि वे ऐसी टीवी बहसों में शामिल नहीं हों, जिनका उद्देश्य इस्लाम का अपमान करना हो। सवाल है कि कौन है जो इस्लाम और मुसलमानों का अपमान करना चाहता है? सच पूछें तो ऐसी बहसों की जरूरत ही क्या है? एक टीवी डिबेट में पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को देश के अलग-अलग शहरों में जिस स्तर पर हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए हैं, उन्हें लेकर चिंता पैदा होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र के अलावा जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। कई जगह इंटरनेट सेवाओं को स्थगित करना पड़ा है। विरोध यदि लोकतांत्रिक तरीके से किया जाए, तो इसमें आपत्ति नहीं है, पर यदि पत्थरबाजी और आगजनी जैसी हिंसक कार्रवाइयों का सहारा लिया जाएगा, तो चिंता होना स्वाभाविक है। इस दौरान सकारात्मक बातें भी हुई हैं। दिल्ली के शाही इमाम ने खुद को जामा मस्जिद के बाहर हुए प्रदर्शन से अलग किया। दूसरी तरफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम मौलानाओं से कहा है कि वे ऐसी टीवी बहसों में शामिल नहीं हों, जिनका उद्देश्य 'इस्लाम और मुसलमानों' का अपमान करना हो। सवाल है कि कौन है जो 'इस्लाम और मुसलमानों' का अपमान करना चाहता है? सच पूछें तो ऐसी बहसों की जरूरत ही क्या है? वैश्विक-मंच पर यह चुनौतियों से भरा समय है। भारत पर भी मित्र-देशों के साथ सम्बन्ध बनाए रखने की चुनौती है। सरकार राष्ट्रीय-हितों को देख-समझकर ही कदम उठाती है, हमें माहौल को शांत बनाने की कोशिश करनी चाहिए। खुल्लम-खुल्ला विद्वेष समय आ गया है कि मीडिया में इस्तेमाल की जा रही भाषा और अभिव्यक्ति के बारे में पुनर्विचार किया जाए। टीवी की बहसों में जो अनाप-शनाप बातें खुल्लम-खुल्ला बोली जा रही हैं, चिंता उन पर भी होनी चाहिए। इसके पीछे राजनीतिक कारण भी हैं, पर राजनीति के कारण यह विद्वेष नहीं है। हमारे सामाजिक जीवन में यह दरार पहले से मौजूद है, जिसका प्रतिविम्ब हमें राजनीति में देखने को मिल रही है। देश के विभाजन ने इस दरार को और गहरा किया है। अलबत्ता इन जहरीली बातों से ध्रुवीकरण बढ़ेगा, पर देखना होगा कि हिंसक-रोष अनायास है या इसके पीछे कोई योजना है? भारत सरकार के स्पष्टीकरण और सम्बद्ध दोनों व्यक्तियों के पार्टी से निष्कासन और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद इतने बड़े स्तर पर भावनाओं को किसने भड़काया? अभी यह तय होना है कि जिस टिप्पणी को लेकर आंदोलन खड़ा हुआ है, उसमें आपत्ति किस बात पर है। टिप्पणीकार के बोलने का लहजा कैसा था और उनके साथ बहस करने वाले ने क्या बात कही थी वगैरह। यह कौन तय करेगा? अदालत ही तय करेगी। जांच इस बात की भी होनी चाहिए कि टीवी डिबेट के बाद सोशल मीडिया पर किसने इसे 'गुस्ताख-ए-रसूल' का रंग दिया? किसने इसका अरबी में अनुवाद करके पश्चिम एशिया में सनसनी फैलाई? क्या इस बात को किसी ने सोचा है कि अरब देशों की कड़वी बातों और देशभर में हुए हिंसक-विरोध की प्रतिक्रिया कैसी होगी? उस 'बैकलैश' का अनुमान क्या किसी को है? कुछ लोगों को लगता है कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की फजीहत होगी। इस बात से उन्हें खुशी क्यों मिलती है? उनका क्या फायदा होगा?

# देश हित सबसे उपर हो, विपक्ष विरोध के लिये विरोध की राजनीति न करे

## राजनीति

सुरेश हिन्दुस्थानी

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है।

संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाइश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देशहित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसंद जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है। कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है। यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियां बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही संदेश दिया है।

# कैंसर से लड़ें इनसे बचें



**कैंसर एक ऐसी खतरनाक बीमारी है, जोकि हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। गलत खान-पान और धूम्रपान के कारण कैंसर की समस्या तेजी से बढ. रही हैं। यह एक लाइलाज बीमारी है। हालांकि शुरूआती लक्षण पहचानकर इसका इलाज किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रोजाना खाई जाने वाली चीजें ही इस बीमारी का कारण बनती है। बहुत से लोगों को लगता है कि सिर्फ शराब, सिगरेट या इसके धुएं और तम्बाकू के कारण ही कैंसर होता है। मगर एक शोध के मुताबिक, जिन चीजों का सेवन आप रोज करते हैं, उनमें से कुछ चीजों से कैंसर का खतरा बढता है।**

### 1. माइक्रोवेव पॉपकॉर्न

आजकल लोग टीवी या फिल्म देखते समय पॉपकॉर्न को बड़े मजे से खाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं यह भी कैंसर का कारण बनता है। दरअसल, जब माइक्रोवेव में ऐसे पैकेट को गरम किया जाता है तो ये कई तरह के कैमिक्लस छोड़ता है, माइक्रोवेव में पैकेट गर्म करने से जब यह कई तरह के केमिकल छोड़ता है तो पैकेट में मौजूद ऑयल या मक्खन पॉपकॉर्न में मिलकर फेफड़ों को सीधा नुकसान पहुंचाता है। इससे आपको फेफड़ों का कैंसर हो सकता है।

### 2. डिब्बा बंद खाना

भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग आजक लोग ताजे फल और सब्जियों के बजाए डिब्बा बंद खाने का सहारा ले रहे हैं लेकिन यह सेहत के लिए हानिकारक होते है। इस तरह के फूड्स में बिसफेनोल ए नामक कैमिकल पाया जाता है, जोकि कैंसर का कारण बनता है।

### 3. रिफाइंड चीनी

कुछ लोग ब्राउन शुगर को सेहत के लिए अच्छा मानते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कैंसर का सबसे बड़ा कारण रिफाइंड चीनी और हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप होता है। ब्राउन शुगर में कलर और फ्लेवर मिलाए जाने के कारण यह ज्यादा खतरनाक हो जाती है। रिफाइंड चीनी से शरीर के अंदर कैंसर सेल्स बढते हैं और आप इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 4. कार्बोनेटिड ड्रिंक

आजकल लोग ज्यादातर कार्बोनेटिड ड्रिंक्स पीते हैं, खासकर र्गिमयों में लेकिन आपको बता दें कि यह भी सेहत के लिए हानिकारक है। दरअसल, बोतल में भरी ऐसी ड्रिंक्स में कार्बोहाइड्रेट होता है। साथ ही इसमें मौजूद हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप, तरह-तरह के कैमिकल्स और कलर्स भी होते हैं, जोकि कैंसर सेल्स को बढावा देते हैं।

### 5. वेजिटेबल ऑयल

वेजिटेबल ऑयल में भी कई तरह के कैमिकल्स होते हैं, जोकि सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वेजिटेबल ऑयल को लंबे समय तक चलाने के लिए हाइड्रोजन और अन्य रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा बनाया जाता है। इसे ट्रांस वसा भी कहते हैं, जो हृदय रोग, इम्यून सिस्टम और कैंसर को बढावा देते हैं।

### 6. डाइट फूड्स

वजन कंट्रोल करने या कम करने के चक्कर में आजकल ज्यादातर लोग डाइट फूड्स का सेवन करते हैं। मगर जरूरत से ज्यादा इनका सेवन भी कैंसल सेल्स को बढाता है, जिससे आप कैंसर जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 7. फ्राइड फूड

खाने से ज्यादा आजकल लोग फ्राइड फूड खाते हैं। छोटी-छोटी भूख लगने पर भी आजकल ज्यादातर लोग फ्राइड फूड खाना ही पसंद करते हैं। मगर इनमें मौजूद कई कैमिकल्स कैंसर का कारण बनते हैं।

### 8. आलू चिप्स

आलू चिप्स खाना तो हर किसी को पसंद होता है लेकिन इनमें सबसे ज्यादा फैट और कैलोरी पाई जाती है। आलू के चिप्स और फ्रेंच फ्राई में अधिक मात्रा में एक्रिलामाइड नामक तत्व पाया जाता है जोकि सिगरेट में मौजूद होता है। ऐसे में इनका कम से कम सेवन करें।

# युवा अब गठिया जैसे बुढ़ापे के रोग से परेशान



**बढती** उम्र का असर चेहरे के साथ-साथ सेहत पर भी दिखने लगता है। बढती उम्र के साथ लोगों को कई बीमारियां घेर लेती हैं लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल और खान-पान के कारण लोग जवानी में ही बुढापे की इन बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आपकी दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और कुछ चीजों का इस्तेमाल आपको जवानी में ही बुढापे की बीमारियों का शिकार बना देता है। आज हम आपको शरीर में दिखने वाले कुछ ऐसे छोटे-छोटे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि ये बताते हैं कि जवानी में ही आप बूढे. हो रहे हैं।

### 1. गठिया की समस्या

गठिया रोज बुढापे में होने वाली समस्या है लेकिन आजकल सेहत का ध्यान न रखने से लोगों को यह समस्या जवानी में ही हो रही है। 30-35 साल की उम्र में गठिया दर्द होना जवानी में बुढापे आने का संकेत हैं। इस बात को नजरअंदाज करने की बजाए अपनी सेहत का ठीक से ख्याल रखें।

### 2. नींद न आना

आजकल बिजी शेड्यूल के कारण लोगों को ठीक से नींद नहीं आती लेकिन दिनभर की थकान के बावजूद भी नींद न आने को इग्नोर न करें। इसका असर न सिर्फ आपकी सेहत पर दिखता है बल्कि इससे चेहरे पर भी कई प्रॉब्लम होने लग जाती है। बूढे. लोगों को तो ये बीमारी हो जाती है लेकिन जवानी में ये होना सही नहीं है।

### 3. आंखें कमजोर होना

आंखें कमजोर होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है लेकिन आपको बता दें कि ज्यादातर लोगों को यह समस्या बुढापे में ही होती है। अगर जवानी में भी ऐसा रहा है तो सतर्क हो जाइए। दिनभर टीवी, मोबाइल, कम्पयूटर और लैपटॉप के सामने बैठे रहने के कारण यह समस्या होती है। अब आप काम तो नहीं रोक सकते है लेकिन हैल्दी डाइट और एक्सरसाइज तो कर सकते हैं।

### 4. थकावट महसूस होना

दिनभर भागदौड़ करने के बाद थकावट होना तो आम है लेकिन जवानी में इतनी ज्यादा थकावट सेहत के लिए अच्छी नहीं। आजकल लोग जरा-सा काम करने के बाद ही थक जाते हैं, जोकि इस बात की ओर इशारा करता है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे रहे।

### 5. चेहरे पर झुर्रियां पड़ना

खान-पान और एक्सरसाइज न करने के कारण आजकल लड़कियों को यह समस्या जवानी में हो जाती हैं। इसे छुपाने के लिए आप मेकअप करते हैं लेकिन इसकी बजाए आपको हैल्दी चीजों, योग और एक्सरसाइज का सहारा लेना चाहिए।

### 6. बाल सफेद होना

अगर कम उम्र में ही आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो संभल जाएं। बुढापे में ऐसा होना आम है। मगर जवानी में ऐसा होने का मतलब है कि आप अपने बालों केयर नहीं करते। इसलिए अपने बालों की ठीक से केयर करें और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल करें।

### 7. त्वचा में ढीलापन

बुढापे की तरफ बढते हुए त्वचा भी ढीली होने लगती है। हाथ, चेहरे, गले की त्वचा लटकने लगती है। अगर कम उम्र में ही ये सब हो रहा है तो आप जल्दी बूढे. दिखने लगेंगे। इससे बचने के लिए सूरज की किरणों से खुद को बचाएं, सेहतमंद खाना खाएं और अच्छे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

# पसीना हो या जुएं इनसे बचाये फिटकरी



ज्यादातर घरों में फटकरी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल गुण स्किन प्रॉब्लम्स को दूर करने में सहायक है। फिटकरी के 2 रंग होते है, लाल और सफेद। आमतौर पर सफेद फटकरी का ही उपयोग होता है। यह पानी को साफ करने और खून को रोकने में मददगार है। इसके अलावा भी फटकरी के कई फायदे होते हैं, जिनके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। आज हम आपको बताएगे फिटकरी के कुछ ऐसे लाभ, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएगे।

### 1. पसीने से छुटकारा

गर्मियों के मौसम में कुछ लोगों को जरूरत से ज्यादा पसीना आता है। पसीना आने से कपड़ों से बदबू भी आने लगती हैं। पसीने और बदबू को कम करने के लिए रोजाना नहाने के पानी में फटकरी मिलाकर नहाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पसीने से आने वाली बदबू दूर हो जाएगी।

### 2. चोट का खून रोकने में सहायक

चोट लगने पर शरीर पर लगी चोट से खून बह रहा हो तो फिटकरी का पाउडर चोट पर छिड़कने से ब्लीडिंग बन्द हो जाता है।

### 3. जुएं से राहत

जुओं से राहत पाने के लिए लोग मार्किट से कैमिक्ल युक्त प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इनसे रिएकशन भी हो जाता है। ऐसे में जुओं से छुटकारा पाने और सिर की गंदगी को दूर भगाने के लिए फटकरी का इस्तेमाल करें। इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण के चलते जुंए मर जाते हैं और सिर की दूसरी गंदगी भी धुल जाती है.

### 4. डेड सेल्स खत्म

डैड सैल्स स्किन को काली करती हैं। इसके साथ ही चेहरे पर ब्लैकहैड्स होने लगती हैं। चेहरी की खूबसूरती को वापिस पाने के 1 चम्मच फिटकरी पाउडर में 1 चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाकर अपने चेहरे और बॉडी पर लगाकर रगड़े। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लेगा।

### 5. लंबे और मजबूत बाल

बालों को लंबा और मजबूत बनाने के लिए फिटकरी फाऊड को कंडीशनर में मिलाकर बालों में लगाएं। इसके बाद इसे पानी से धो लें। हफ्ते में 1 बार ऐसा करने से बाल लंबे और मजबूत होने लगेगें।

### 6. यूरीन इंफैक्शन

यूरीन इंफैक्शन हो जाने पर भी फिटकरी का इस्तेमाल किया जा सकता है। रोजाना फिटकरी के पानी से प्राईवेट पार्ट की सफाई करें, इससे इंफैक्शन दूर होगी।



योग भारतीय संस्कृति का भाग है। योग अभ्यास भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जोकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ा देती है। नियमित रूप और सही तरीके से योग करने पर स्वस्थ तन और सुंदर मन मिलता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए आजकल हेल्थ-क्लब्स, स्कूल्स और हॉस्पिटल्स में भी योग करवाया जाने लगा है लेकिन योग करने से पहले आपको उसके नियमों का पता होना भी बहुत जरूरी है। योग करते समय सावधानियां इस्तेमाल न करने से आपको इसका फायदा होने की बजाए नुकसान भी हो सकता है। कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप योग का पूरा फायदा ले सकते हैं। **योग गुरु स्वामी मुक्तरथ, सत्यानंद योग मिशन**

# योग मन और शरीर का संतुलन



### योग से जुड़े जरूरी नियम

**1. योगासन से पहले शरीर को करें तैयार**

जिस तरह एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है, उसी तरह योग करने से पहले भी वार्मअप करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए योगासन करने पहले शरीर को वार्मअप करने के लिए हल्का-फुल्का व्यायाम जरुर कर लें। इससे आपका शरीर खुलेगा तथा लचीला हो जाएगा। आप चाहें तो इसके लिए सूक्ष्म आसन भी कर सकते हैं।

**2. भोजन करने के तुरंत बाद न करें योग**

सुबह हो या शाम, कभी भी भोजन के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग हमेशा खाने के करीब 3 घंटे बाद करें। इसके अलावा सुबह आप खाली पेट भी योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही ऐसा योग है, जिसे भोजन के बाद किया जा सकता है।

**3. कठिन आसन से न करें शुरुआत**

योगासन की शुरूआत करते समय हल्के आसन का चयन करें। चाहे आपको कितनी भी प्रैक्टिस क्यों न हो लेकिन योग की शुरूआत किसी कठिन आसन से नहीं करनी चाहिए। बिना शरीर को तैयार किए आप कठिन योग करने लगेंगे तो चोट लगने का डर रहता है।

**4. योग करने का सही समय**

योग सूरज उगने से पहले और सूर्य डूबने के बाद किसी भी समय किया जा सकता है लेकिन दिन के समय योग न करें। योगासन सुबह के समय करने से अधिक लाभ मिलता है। मगर फिर भी अगर आप किसी कारण से सुबह योग नहीं कर पाएं तो शाम या रात को खाना खाने से आधा घंटा पहले भी कर सकते हैं। यह ध्यान रखें कि आपका पेट भरा न हो। इसलिए भोजन करने के 3-4 घंटे बाद और हल्का नाश्ता लेने के 1 घंटे बाद आप योगासन करें।

**5. योग के दौरान ठंडा पानी न पीएं**

योग करते समय बीच में ठंडा पानी पीना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। योग के दौरान शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में ठंडा पानी पीने से सर्दी जुकाम, कफ और एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसलिए योग के समय और बाद में नार्मल पानी ही पीएं।

**6. बीमारी में न करे योग**

अगर आपको कोई भी गंभीर समस्या, जोड़ों, कमर, घुटनों में अधिक दर्द है तो योग करने के लिए डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा योग करने के दौरान बाथरूम नहीं जाना चाहिए बल्कि अपने शरीर का पानी पसीने के जरिए बाहर निकलना चाहिए।

**7. गलत पोज न करें**

इन्स्ट्रक्टर द्वारा बताए अनुसार ही योग करें। गलत आसन करने से कमर दर्द, घुटनों में तकलीफ या मसल्स में खिंचाव हो सकता है। इसके अलावा पीठ, घुटने या मसल्स की प्रॉब्लम हो तो योग करने से पहले ट्रेनर से सलाह जरूर ले।

**8. योग के तुरंत बाद न नहाएं**

योगासन करने के तुरंत बाद न नहाएं बल्कि कुछ समय बाद स्नान करें। क्योंकि किसी भी व्यायाम या अन्य शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है और आप एकदम से नहाएंगे तो सर्दी-जुकाम, बदन दर्द जैसी तकलीफ हो सकती है। इसलिए योग करने के एक घंटे बाद ही नहाएं।

**9. ध्यान केंद्रित करना**

योगासन करते समय अपने मोबाइल फोन ऑफ कर दें। क्योंकि इसे करते समय आपका ध्यान इधर-उधर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हंसी मजाक का माहौल न बनाए इससे आपसे योग में कोई गलत स्टेप हो सकता है।

**10. एक्सपर्ट से लें सलाह**

अक्सर लोग योग करने के लिए टीवी या कोई किताब पढने लगते हैं लेकिन योग हमेशा किसी एक्सपर्ट की सलाह से ही करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए योग कर रहें तो भी एक्सपर्ट से सलाह लेना न भूलें।

**इन बातों का भी रखें ख्याल**

1. योगासन खुली और ताजी हवा में करना सबसे अच्छा माना गया है। फिर भी अगर ऐसा करना संभव न हो तो, किसी भी खाली जगह पर आसन करें।

2. योग करते समय संवेदनशील अंग जैसे कमजोर घुटनें, कमर, रीढ.की हड्डी और गर्दन का खास ख्याल रखें। अगर आपको किसी भी तरह की प्रॉब्लम या दर्द हो तो धीरे-धीरे आसन की उस अवस्था से अपने आप को बाहर निकालें।

3. योग करते समय हमेशा ढीले और आरामदायक कपड़े ही पहनें। आप टी-शर्ट या ट्रैक पैंट पहनकर भी योगासन कर सकते है।

4. याद रखे कि किसी भी योगासन को झटके से न करें और न ही योग की मुद्रा से झटके से निकले। इसके अलावा योग उतना ही करे, जितना आप आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढाने की कोशिश करने करें न एकदम से अधिक योग करें।

# सर दर्द को गंभीरता से लें



बढ़ती गर्मी में अक्सर लोगों को सिर दर्द की परेशानी होने लगती है। अगर आपको लगातार सिरदर्द हो रहा है तो एक बार डॉक्टरी जांच जरूर करवाएं। यह माइग्रेन भी हो सकता है। माइग्रेन का दर्द साइलेंट किलर की तरह अचानक से अटैक करता है, जिससे सिर के आधे हिस्से में असहनीय दर्द होने लगता है। वहीं, गर्मियों में यह दर्द और भी बढ़ जाता है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं माइग्रेन स पीड़ित है। ऐसे में इसके लक्षण को पहचानकर जल्द इलाज करवाना बहुत जरूरी है।

माइग्रेन के लक्षण
- नींद की कमी
- धुंधला दिखाई देना
- बार-बार यूरिन आना
- चॉकलेट खाने का मन
- शरीर का एक हिस्सा सुन्न महसूस होना
- भूख कम लगना

माइग्रेन के कारण

- हाई ब्लड प्रैशर
- तनाव
- भरपूर मात्रा में पानी न पीना
- मौसम में बदलाव
- गर्मी में घूमना
- एलर्जी

माइग्रेन में क्या न खाएं

डिब्बाबंद पदार्थों, रेड वाइन और जंक फूड का सेवन न करें

माइग्रेन में क्या खाएं

दूध, दही, पनीर, दालें, मांस और मछली को डाइट में शामिल करें

माइग्रेन के घरेलू उपाय
- दिन में दो बार गाय के घी की कुछ बूंदे नाक में डालें।
- गुनगुने तेल से सिर की मालिश करें। इससे दर्द से राहत मिलेगी।
- नींबू के छिलकों का पेस्ट तैयार कर लें। बाद में इसे माथे पर लगाएं।
- दर्द होने पर तुरंत बर्फ या ठंडे पानी की पट्टी सिर पर रखें। इससे दर्द से आराम मिलेगा।
- तनाव मुक्त रहें।

स्पीड न्यूज

# निजी कंपनियों में 75% स्थानीय की बहाली के लिए चलायेंगे अभियान : सीएम

■ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की बड़ी घोषणा - 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को आर्थिक सहयोग करेगी सरकार

■ मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में 152 करोड़ 76 लाख 71 हजार रुपये की लागत वाली 182 योजनाओं का किया उद्घाटन शिलान्यास, 3 लाख 41 हजार 759 लाभुकों के बीव बांटी 68 करोड 96 लाख 67 हजार रुपए की परिसंपत्ति









1. गोपाल मैदान के कार्यक्रम में आने पर यूं हुआ सीएम का स्वागत। 2. एक लाभुक को चेक प्रदान करते सीएम चंपई सोरेन। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य। 3. बन्ना गुप्ता से मंत्रणा के दौरान आवश्यक निर्देश देते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के अंदर स्थित प्रतिष्ठानों और फैक्ट्री में 75% नौकरी स्थानीय को देने का कानून बनाया है । इस कानून का अनिवार्य रूप से पालन होगा। इसके लिए निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी दिलाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वहीं, 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी। इसके साथ किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ होगा।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जमशेदपुर के मानगो स्थित गांधी मैदान में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह में इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा तीन महीने के अंदर लगभग 40 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इस बाबत नियुक्ति प्रक्रियाओं को तेज गति के साथ पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिया गया है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार फिर विकास को गति देने का अभियान शुरू हो चुका है। राज्यवासियों को कई नई योजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं । इसमें दो वर्ष कोरोना से निपटने में लग गए। लेकिन, इस दौरान श्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार ने विकास का जो नया आयाम लिखा, वह इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। हमारी सरकार उसी राह पर चलकर राज्य को संवार रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, पिछड़े, दिव्यांग महिला और युवा समेत हर वर्ग और तबके के उत्थान, विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

**शिक्षा का ऐसा दीया जलाना है जो कभी बूझे नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर व्यक्ति को शिक्षित करने की सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है उन्होंने कहा कि हम शिक्षा का ऐसा दीया जलाएंगे, जो कभी बूझेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं। आज निजी विद्यालयों की तर्ज पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गए हैं। छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन मिल रहा है। विदेशों में पढ़ाई के लिए भी सरकार पूरा खर्च वहन कर रही है। इसके अलावे भी कोई ऐसी योजनाएं हैं, जो बच्चों के भविष्य को नई उड़ान दे रही है।

## गम्हरिया के तांत्रिक का लू लगने से निधन



**गम्हरिया।** क्षेत्र के जाने-माने तांत्रिक बड़ा गम्हरिया के बगानपाड़ा निवासी निखिल साधु (72) का टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र के लोगों में शोक व्याप्त है। बताया गया है कि लू लगने से वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे। इलाज के लिए उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। वे मां काली के साधक थे और तांत्रिक विद्या से लोगों का उपचार करते थे। रविवार को ही पार्वती घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## मायुमं चांडिल नगर शाखा ने बांटे शर्बत आइसक्रीम



**चांडिल।** चिलचिलाती धूप और उमस भरी भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए ठंडा शर्बत और आईसक्रीम का वितरण किया गया। कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा की भीषण गर्मी में आइसक्रीम का भण्डारा अपने आप मे एक अनूठी एवं ऐतिहासिक पहल है आम नागरिकों, राहगीरों, एवं गाड़ियों मे सफर कर रहे यात्रियों को रास्ते में आइसक्रीम दिया गया। मौके पर दुर्गा चौधरी अश्विनी शर्मा, बिकास रूंगटा, रोहित चौधरी, आयुष, गौरव, चंदन, हरीश भी शामिल थे।

## माहवारी जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ मनीष कुमार झा के द्वारा आज तुपुडांग के ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं एवं किशोरियों के बीच किया गया . मासिक चक्र संबंधित कुरीतियां जो समाज में फैली है, उसे दूर करने के लिए प्रोजेक्ट बाला एवं विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज माहवारी सूरक्षा के साथ-साथ प्रोजेक्ट बाला सेनेटरी नैपकिन जो एक उच्च गुणवत्ता वाली सेनेटरी नैपकिन है जो बार-बार उपयोग में लाया जा सकता है। उसे महिलाओं और किशोरियों के बीच वितरण किया गया ।

## रॉकी और उसके मासूम बच्चे पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के शांतिनगर में बीते शुक्रवार को जमीन कारोबारी रॉकी कालिंदी और उसके तीन वर्षीय बेटे समर कालिंदी पर हुए फायरिंग मामले में रॉकी की पत्नी दशमती कालिंदी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। प्राथमिकी में रॉकी की पत्नी ने झामुमो नेता राजेश गोप, अजय टुडू, रवि और अन्य पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कर रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा की, दिये कई निर्देश, कहा

# सभी बड़े नालों की सफाई और नियमित फॉगिंग करे कंपनी

खबर मन्त्र ब्यूरो




अपने कार्यालय में जुस्को के जीएम आरके सिंह और जेएनएसी के उप-नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के साथ बैठक करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** रविवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने अपने आवासीय कार्यालय में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त श्री कृष्ण कुमार,वरीय महाप्रबंधक जुस्को श्री आर के सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को क्षेत्र के त्वरित विकास हेतु आवश्यक निर्देश दिये। इस बावत सभी बस्तियों में पेयजल एवं नियमित विद्धुत आपूर्ति कराये जाने,क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई एवं घरों से कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने, बरसात से पूर्व सभी बड़े नाला की सफाई किये जाने,क्षेत्र में नियमित फॉगिंग किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने,सरकार के जनहित के योजनाओं को एवं विकास कार्यों के योजनाओं को धरातल पर लाने,कदमा-सोनारी के मुख्य मार्गों में पार्किंग व्यवस्था को सुगम करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे अहम विषयों पर माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने निर्देश दिये है। समीक्षा बैठक के दौरान श्री बन्ना गुप्ता जी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने की दायित्व मेरी है और जनहित के मुद्दों पर मैं कोई समझौता नहीं करूंगा जनता के प्रति मेरी जिम्मेदारी है। अतः सभी अधिकारीगण संवेदनशील होकर जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने हेतु तत्परता से और जवाबदेही के साथ काम करें अन्यथा जनविरोधी कार्य करनेवाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे इस बात को अधिकारी अपने जेहन में रखें।

## राजनगर में कभी सुखाड़ की स्थिति नहीं होगी, 12 महीने हर खेत में होगा पानी

■ घर-घर पहुंच रही सरकार की योजनाएं, 24 घंटे हर पंचायत में मुहैया होंगी दवाइयां

खबर मन्त्र टीम



**राजनगर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

## संविधान और संस्कृति की रक्षा के लिए संसद में बनूंगी दीवार : जोबा

■ सांसद जोबा माझी का मझगांव विधानसभा क्षेत्र में आभार यात्रा में उमड़ी भीड़

■ विधायक निरल पुरती के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत, स्वागत से हुईं अभिभूत

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



आभार यात्रा में पदयात्रा करती सांसद जोबा माझी।

**चाईबासा।** सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी के लिए मझगांव के विधायक निरल पुरती ने रविवार को आभार यात्रा आयोजित की। आभार यात्रा मझगांव विधानसभा क्षेत्र के तांतनगर, मंझारी, कुमारडूंगी, मझगांव प्रखंड के विभिन्न गांवों से गुजरी। इस दौरान ग्रामीण और झामुमो कार्यकताओं ने सांसद जोबा माझी और विधायक निरल पुरती का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। मौके पर समर्थकों ने खूब आतिशबाजी भी की। विभिन्न गांवों में स्वागत के क्रम में सांसद जोबा माझी ने कहा सिंहभूम से ऐतिहासिक जीत में मझगांव विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर एक वोट की ऋणी रहूंगी। कहा कि जिस भरोसे के साथ जनता ने दिल्ली भेजने का काम किया है उस भरोसे को कायम रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगी।

## गलवान के वीर शहीद गणेश हांसदा की स्मृति में 30 यूनिट रक्त संग्रह

■ ट्राईबल ब्लड मैन राजेश मार्डी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



रक्तदाताओं को सम्मानित करते आयोजक।

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार और गलवान शहीद गणेश हांसदा स्मारक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 30 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में भी गांव के युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। ऐसा मौका शहीद गणेश हांसदा की चौथी शहादत दिवस पर देखा गया। बांसदा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सुबह 9 बजे से 4 बजे तक शिविर आयोजित किया गया । रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को शहीद की माता कापरा हांसदा एवं पिता सुगदा हांसदा ने अंग वस्त्र, एक पेड़ एवं एक पेड देकर सम्मानित किया गया। वहीं 74वीं बार रक्तदान कर चुके जमशेदपुर निवासी राजेश मार्डी ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

## सूर्य मंदिर परिसर में बने बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन 23 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय के विधायक निधि से बने बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन ओलंपिक दिवस (23 जून) की पूर्व संध्या पर आगामी 22 जून, 2024 को होगा। सुप्रसिद्ध बास्केटबॉल के ओलंपिक खिलाड़ी श्री हर भजन सिंह बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन करेंगे। विधायक श्री सरयू राय उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय (ओलंपिक) स्तर के बास्केटबॉल कोच श्री जे पी सिंह भी समारोह में आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त जानकारी जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है। इस अवसर पर बास्केटबॉल का दो दिवसीय दोस्ताना मैच होगा जिसमें विभिन्न विद्यालय के बास्केटबॉल टीमें भाग लेंगी।

# संगठनात्मक बैठक से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

■ विभिन्न मंडलों में बैठकों का दौर हुआ शुरू

■ महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा का स्वागत करते एक मंडल पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर बिद्युत बरण महतो के ऐतिहासिक तीन बार जीत दर्ज करने के बाद जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक बैठक के जरिये कार्यकताओं को एकजुट करने एवं संगठन मजबूती पर चर्चा कर रही है। इसी कड़ी, में जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों में मैराथन बैठक का दौर लगातार जारी है। जिसके तहत बोड़ाम, कमलपुर, गोविंदपुर, बमार्माइंस एवं पटमदा मंडल की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने लोकसभा चुनाव में अथक परिश्रम और कर्तव्य निष्ठा से जीत दिलाने वाले सभी कार्यकताओं का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जिम्मेदारी पूर्वक कार्य का निर्वहन करने का आह्वान किया। सुधांशु ओझा ने कहा कि आगामी दिनों में संगठन का विस्तार होना है, जिससे संगठन की शक्ति में विस्तार होगा। इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा एवं बिद्युत महतो की विजयी हैट्रिक पर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा का अभिनंदन किया।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, प्रदीप महतो, पप्पू सिंह, प्रदीप बेसरा, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी, कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष दीपक झा, पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता, कमलेश सिंह, जुगुन वर्मा, राजेश सिंह पप्पू, विपिन सिंह, गुरु गोबिंद सिंह आजाद समेत कई उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सामर्थ्य ने आदित्यपुर में चलाया नशा मुक्ति अभियान



फोटो सामर्थ्य

**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आदित्यपुर स्थित आशियाना मोड़ के पास नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। वालंटियर मनीष तमसोय, तृषा विश्वास, प्रणव आनंद ने चौक चौराहा पर लोगों से नशा मुक्ति एवं नशे में गाड़ी नहीं चलाने का शपथ लेते हुए सिग्नेचर करने का आग्रह किया तथा लत छोड़ने के लिए टॉल फ्री नंबर भी शेयर किया। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए कहा कि नशे से शरीर, घर - परिवार, समाज सभी बर्बाद हो जाते हैं साथ ही साथ सोचने समझने की शक्ति भी खत्म हो जाती है। महिलाएं और बच्चे भी इससे अछूते नहीं है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, पीड्डअनीता, कमलेश सिंह, धनसिह तमसोय, निरंजन विश्वास, मनीषा तमसोय, तृषा विश्वास, प्रणव आनंद इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

### बीएनएच ने महाराष्ट्र हितकारी में लगाया मेडिकल कैंप



**जमशेदपुर।** महाराष्ट्र हितकारी मंडल, बिस्टुपुर एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल द्वारा एक मेगा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अजय अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ शुभाशीष डे, महाराष्ट्र हितकारी मंडल के ट्रस्टी डॉ उन्मेष लुकतुके, प्रेसिडेंट रोहिणी साठे, सेक्रेटरी शिल्पा शाने , ट्रस्टी रवि साठे , ट्रस्टी उल्लास साने, ट्रस्टी वसंत खले ने दीप प्रज्वलित करके किया। कैंप में करीब 100 से ज्यादा लोगों की निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन,बीएमआई एवं ईसीजी जांच की गई। डॉ अजय अग्रवाल ने लोगों से अपील किया कि वे अपने व्यस्त जीवन में से एक घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए जरूर निकालें और स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए प्रतिदिन 45 मिनट तेज गति से पैदल चलें,संतुलित आहार लें, उचित मात्रा में नींद ले एवं ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर को नियमित रखें।

### गीता थिएटर की टीम बरेली के नाट्य समारोह में भाग लेने के लिए हुई रवाना




**जमशेदपुर।** रविवार को जमशेदपुर लौहनगरी के युवा रंगकर्मियों द्वारा संगठित गीता थिएटर के कलाकार थिएटर अड्डा में रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसायटी बरेली में आयोजित 15 दिवसीय नाट्य समारोह में सम्मिलित होने को टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। यह 15 दिवसीय नाट्य समारोह 16 जून से 30 जून 2024 तट लोक खुशहाली चेरिटेबल ट्रस्ट सभागार में आयोजित होना है जिसके 3वें दिन जमशेदपुर की दल गीता थिएटर का कसक नामक नाटक का मंचन होना है। कसक नामक नाटक की कहानी मजबूरीयो एवं गरीबी के भव-सागर मे फंसी अति-निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में रहनेवाले कर्ज.मे डुबे बुधवा, सुगनी (पत्नी) एवं उसके दो बच्चों (फुलवा एवं सोहन) की व्यथा-कथा है। नाटक में दिखाया गया है कि परिवार की खुशी के लिए बुधवा द्वारा लिया कर्ज, कर्ज.ना चुकाने से लोगों द्वारा उनकी मानहानि एवं कर्ज.चुकाने के लिए सुगनी का अपनी ईज्जत का सौदा करना तथा अंत मे आत्महत्या पर केन्दींत है। समाज मे आए इस नई प्रथा को रोकने एवं ऐसे परिवारो को संदेश देने हेतु आत्ममंथन के शब्दों से रची है ।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ में निकाली आभार यात्रा



**चांडिल।** केंद्रीय राज्य मंत्री सह रांची के स्थानीय सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाला। भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ पहली बार ईंचागढ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे है। इस दौरान जगह-जगह पर भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा जनता का कर्ज हम विकास से चुकाएंगे। जिस तरह ईंचागढ की जनता मुझ पर भरोसा जताया है उस पर हम खरा उतरेंगे। इस दौरान सांसद ने बोट के रूप में आशिर्वाद देने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। आभार यात्रा के दौरान चांडिल पहुंचने पर संजय सेठ ने साधु बांध मठीया में माथा टेका एवं महंत विद्यानंद सरस्वती तथा इंद्रानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। मौके पर आजसू नेता हरेलाल महतो, विशाल चौधरी, दिवाकर सिंह, सारथी महतो, आकाश महतो, पियुष दत्त सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आठ पंचायत के ग्रामीणों को मंगल ने दी अत्याधुनिक एंबुलेंस की सौगात



**जमशेदपुर।** रविवार को जमशेदपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवघर पंचायत के सिमूलडांगा चौक में जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी ने टाटा ब्लू स्कोप कंपनी के सौजन्य से प्राप्त मेडिकल सुविधाओं से संम्पन्न एक एम्बुलेंस वाहन 8 पंचायत के लोगों को समर्पित किया और हरी झंडी दिखा कर उसे रवाना किया। मौके पर जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि हाइवे बनने के बाद डिमना से लेकर पिपला तक एक्सीडेंट का दर काफी बढ़ गया है। पेशंट को हॉस्पिटल तक ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस लिए ग्रामीणों के मांग को देखते हुए मेडिकल उपकरण से लिप्त एक एम्बुलेंस वाहन आज 8 पंचायत के लोगों को समर्पित किया जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टी20 विश्व कप 2024 : सुपर-8 की ग्रुप-2 की चारों टीमें तय




भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा।

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 का ग्रुप स्टेज खत्म होने को है। अभी तक 35 मुकाबले खेले जा चुके हैं और इस स्टेज में पांच मैच और बाकी हैं। मंगलवार को वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान मैच के साथ ही ग्रुप स्टेज का अंत हो जाएगा। अब तक तीन मैच बारिश की वजह से रद्द हो चुके हैं। वहीं, दो नतीजे सुपर ओवर में आए हैं। 19 जून से सुपर-8 राउंड की शुरूआत हो जाएगी। 20 टीमें इस विश्व कप में खेलने उतरी थीं, जिन्हें पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया था। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर-8 में पहुंचेंगी।

### सुपर-8 की छह टीमें तय

अब तक सुपर-8 की सात टीमें तय हो चुकी हैं। एक और टीम का फैसला होना है। हालांकि, इस टी20 विश्व कप में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले हैं। अफगानिस्तान ने जहां वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों को चौंकाया, वहीं अमेरिका ने पाकिस्तान टीम को चौंका दिया। इस बार सुपर-8 में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी कुछ पूर्व चैंपियन टीमें नहीं दिखेंगी। इनकी जगह अमेरिका, अफगानिस्तान जैसी नई और मजबूत टीमों ने अपनी जगह तय की है।




## कनाडा ने राहुल को दिया खास तोहफा



सुपर-8 में पहुंचने से पहले और ग्रुप स्टेज के समाप्त होने के बाद कोच राहुल द्रविड़ को एक बड़ा तोहफा मिला है। उन्हें ये तोहफा किसी और ने नहीं बल्कि कनाडा क्रिकेट टीम ने दिया है। कनाडा के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने मिलकर राहुल द्रविड़ को सम्मान में कनाडा की साइन की हुई जर्सी तोहफे में दी। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। राहुल कनाडा के ड्रेसिंग रूम में मौजूद नजर आ रहे हैं, जहां वो कनाडा की जर्सी को रिसीव करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## 19 जून से सुपर-8 राउंड की होगी शुरूआत

सुपर-8 राउंड की शुरूआत 19 जून को अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच से होगी। इस राउंड में दो ग्रुप हैं। एक ग्रुप की एक टीम तीन मैच खेलेगी। हर एक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। सुपर-8 राउंड के लिए टूनामेंट शुरू होने से पहले ही सीडिंग्स तय की गई थीं। जैसे कि भारत सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने पर भले ही अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहता, लेकिन उन्हें अ1 ही माना जाता। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के लिए है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने ग्रुप (बी) में शीर्ष पर है, लेकिन उन्हें इ2 का दर्जा दिया गया है। 26 और 27 जून को सेमीफाइनल के मुकाबले और 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### अमेरिका बनाम दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका की टीम भले ही सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने में कामयाब रही हो, लेकिन टीम ने कुछ करीबी मुकाबले जीते हैं, जिनमें नतीजा किसी के पक्ष में भी जा सकता था। टीम श्रीलंका, नीदरलैंड और नेपाल तीनों के खिलाफ करीबी मैच जीते हैं। श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने 78 रन का लक्ष्य चार विकेट गंवाकर 17वें ओवर में हासिल किया, वहीं नीदरलैंड के खिलाफ 104 रन का पीछा करते हुए 12 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। टीम 19वें ओवर में जाकर लक्ष्य हासिल कर पाई। बांग्लादेश के खिलाफ तो दक्षिण अफ्रीका की टीम चार रन से जीती। इसमें तो महमूदुल्लाह के साथ बेईमानी की बात भी हुई। वहीं, नेपाल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की टीम एक रन से जीत पाई। ऐसे में अपने ग्रुप में शानदार खेल दिखाने वाली अमेरिका की टीम दक्षिण अफ्रीका को उलटफेर का शिकार बना सकती है।

### अफगानिस्तान बनाम भारत

अफगानिस्तान की टीम ने अपने ग्रुप में न्यूजीलैंड और बाकी जैसी टीमों को बड़े अंतर से हराया है। राशिद खान की अगुआई वाली टीम ने न्यूजीलैंड को 84 रन से शिकस्त दी थी और बाद में कीवी टीम बाहर ही हो गई। वहीं, युगांडा को अफगानिस्तान ने 125 रन से और पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराया था। भारतीय टीम को अफगानिस्तान से बचकर रहने की जरूरत होगी। इस प्रारूप में यह टीम उलटफेर करने में सक्षम हैं।

### अमेरिका बनाम वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज टीम भले ही अब तक तीन मैच जीते हों, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उन्होंने भी करीबी मुकाबले जीते हैं। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ कैरिबियाई टीम ने पांच विकेट से जीत हासिल की, जबकि न्यूजीलैंड को 13 रन से हराया था। अफगानिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज की असली परीक्षा होगी। इसके बाद अमेरिका के खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला उनके लिए आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम वेस्टइंडीज को फंसा सकती है और इसमें हैरानी नहीं होगी कि यह टीम कैरिबियाई टीम का शिकार कर ले।

## ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड में 2024 के अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही स्कॉटलैंड का टी20 वर्ल्ड कप का अभियान समाप्त हो गया और ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इंग्लैंड की सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद इसी मैच पर टिकी थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। स्कॉटलैंड की तरफ से ब्रेंडन मैकुलेन ने 34 गेंदों में 60 रन की आतिशी पारी खेली जिसमें 6 छक्के और 2 चौके शामिल थे। इसके अलावा कप्तान बेरिंगटन ने 31 गेंदों में 42 रन बनाए। जॉर्ज मुनसे ने 23 गेंदों में 35 और मेथ्यू क्रॉस ने 11 गेंदों में 18 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो ग्लेन मैक्सवेल ने 2 और एडम जम्पा, नाथन एलिस और एस्टन एगर को 1-1 विकेट मिला। स्कॉटलैंड के 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में डेविड वार्नर 1 रन के स्कोर पर अपना विकेट खो बैठ। इसके अलावा कप्तान मिशेल मार्श ने 9 गेंदों में 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ग्लेन मैक्सवेल भी कुछ खास नहीं कर सके 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शानदार पारी खेलते हुए 68 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के और 5 चौके लगाए। इसके अलावा मार्कस स्टॉयनिस ने अपनी धुआंधार पारी के दम पर मैच को ऑस्ट्रेलिया के पाले में डाला। एक समय पर ऐसा लग रहा था कि स्कॉटलैंड यह मुकाबला जीत जाएगी लेकिन स्टॉयनिस के 29 गेंदों में 59 रन की बदौलत वह 2 गेंद शेष रहते मैच जीत गई। स्टॉयनिस ने अपनी पारी के दौरान 2 छक्के और 9 चौके लगाए।

## वीजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा, अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है।

## गंभीर बनेंगे इंडिया के हेड कोच, बीसीसीआइ जल्द सकती है ऐलान

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के नए हेड कोच के लिए बीसीसीआइ की तलाश अब लगभग पूरी हो चुकी है। भारत के कोच बनेने के लिए सबसे आगे टीम इंडिया के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज गौतम गंभीर का नाम है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो गौतम गंभीर राहुल द्रविड़ की जगह पर भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बन सकते हैं। इंडियन क्रिकेट टीम के हेड कोच के लिए गौतम गंभीर के नाम का ऐलान इस महीने के अंत तक किया जा सकता है। आपको बता दें कि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद खत्म हो जाएगा। 30 जून 2024 को राहुल का कार्यकाल खत्म होगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि 25 जून से लेकर 30 जून के बीच में टीम इंडिया के नए कोच का ऐलान किया जा सकता है। गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए हेड कोच बन सकते हैं। गंभीर के कार्यकाल की बात करें तो वो 1 जुलाई 2024 से शुरू लेकर 31 दिसंबर 2027 तक टीम इंडिया के कोच पद पर बने रह सकते हैं। बीसीसीआइ के द्वारा नए कोच के लिए यही तारीख निर्धारित की गईं हैं।

### राहुल का कार्यकाल

राहुल द्रविड़ भारतीय टीम को कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं दिला पाए। उनके कार्यकाल में टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2022 का सेमीफाइनल, वनडे विश्व कप 2023 का फाइनल और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 में का फाइनल खेला। इस दौरान टीम इंडिया को हमेशा हार का सामना करना पड़ा है।

## दीपिका अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर में हुई उलटफेर का शिकार, अंकिता और भजन प्री-क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी




**अंताल्या।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी को रविवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के शुरूआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी जबकि अंकिता भकत और भजन कौर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं। अंकिता और भजन व्यक्तिगत महिला कोटा हासिल करने से महज एक जीत दूर हैं। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिए जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। भारत के लिए अभी तक एकमात्र कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने एशियाई क्वालीफाइंग चरण में पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में हासिल किया है। अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 (24-26, 25-25, 28-20, 25-25, 27-25) और मिकाएला मोशे को 7-3 (28-25, 25-27, 27-27, 28-25, 26-25) से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। तीसरी वरीय भजन ने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 (29-27, 28-26, 26-29, 27-24) से हराया। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 (26-28, 25-27, 23-26, 24-25, 27-29) से मात दी। टीम के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, उपकरण संबंधित कोई खराबी नहीं थी, लेकिन खराब रिलीज के कारण ऐसा हुआ। यह दबाव के कारण या किसी और वजह से हो सकता है। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।

## लवलीना बोरगोहेन ने ग्रैंड प्रिक्स में सिल्वर मेडल किया अपने नाम

**नयी दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य में ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम में महिलाओं की 75 किग्रा स्पर्धा में चीन की ली कियान से हार गयी। पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली बोरगोहेन मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के अंतर हार गयी। इस मैच में लवलीन ने शानदार खेल दिखाया लेकिन वो जीत हासिल नहीं कर पायी।

## भारत ने पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों से रौंदा, आशा शोभना ने डेब्यू मैच में झटके 4 विकेट




**मंधाना का भारत में पहला वनडे शतक**

यह मंधाना का अपने घर में पहला वनडे शतक भी है। इससे पहले पांच शतक उन्होंने विदेशी जमीन पर लगाए हैं। मंधाना ने वनडे करियर का पहला शतक 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाया था। इसके बाद दूसरा वनडे शतक उन्होंने 2017 में वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा था। वनडे करियर का तीसरा शतक स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2018 में लगाया था। वहीं, अपना चौथा वनडे शतक मंधाना ने 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था। मंधाना ने वनडे करियर का पांचवां शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में लगाया था। यानी वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में दो-दो शतक जड़ चुकी हैं। 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंधाना ने 129 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से 135 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 104.65 का रहा था।




**आशा शोभना ने झटके 4 विकेट**

आशा शोभना ने 33 साल की उम्र में डेब्यू किया। और वो भारतीय महिला क्रिकेट टीम में डेब्यू करने सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बनी। अपने डेब्यू मैच में ही आशा छा गयी। उन्होंने 8.4 ओवर में मात्र 21 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उन्होंने 2 मेडन ओवर भी डाले। शोभना की घातक गेंदबाजी की बदौलत ही भारत ने दक्षिण अफ्रीका को बुरी तरह से रौंद दिया। डब्ल्यूपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाली आशा शोभना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धमाकेदार एंट्री मारी।

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में शतक जड़ा। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मंधाना 116 गेंद पर वनडे करियर का छठा और ओवरऑल अंतरराष्ट्रीय करियर का सातवां शतक लगाया। उनकी इस पारी की बदौलत एक वक्त 99 पर पांच विकेट गंवा चुकी टीम इंडिया ने 265 का स्कोर बनाया। मंधाना ने 127 गेंद पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से 117 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 92.13 का रहा। मंधाना की पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 265 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 37.4 ओवर में 122 रन पर सिमट गई। भारत ने पहला वनडे 143 रन से अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। अगल मुकाबला 19 जून को चिन्नास्वामी में ही खेला जाएगा। मंधाना को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही थी। शेफाली वर्मा सात रन, दयालन हेमलता 12 रन, कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 रन, जेमिमा रॉड्रिग्स 17 रन और विकेटकीपर ऋचा घोष तीन रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद मंधाना ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी निभाई। दीप्ति 48 गेंद में तीन चौके की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुईं। इस साझेदारी को अयाबोंगा खाका ने दीप्ति को बोल्ड कर तोड़ा। इसके बाद मंधाना ने पूजा वस्त्राकर के साथ सातवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी निभाई। 266 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सबसे ज्यादा रन सूने लूस ने बनाया। उन्होंने 33 रन बनाए।

## रांची में महिला फुटबॉल लीग 20 जून को, 19 टीमें लेंगी हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में पहली बार लड़कियों के लिए फुटबॉल लीग चैंपियनशिप का आयोजन होगा। स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 जून को होगा। छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। इसमें रांची जिले की 19 टीमें हिस्सा लेंगी। यह जानकारी स्व. अमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि इस लीग से नयी प्रतिभाओं को खेलने का मौका मिलेगा। साथ ही खिलाड़ियों को रांची में पहली बार लीग में खेलने का मौका भी मिलेगा। सीएए के सहयोग से लीग को बहुत ही अच्छे ढंग से कराया जायेगा। लीग कराने का मकसद दूर-दराज के खिलाड़ियों को सही मंच दिलाना है। इस आयोजन में वे हर संभव सहयोग देंगे। साथ ही उभरती और योग्य प्रतिभाओं को मदद करने का भरसक प्रयास करेंगे। सीएए के महासचिव आसिफ नईम ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि खेलों में अमिताभ चौधरी का अहम योगदान रहा। उनके जाने के बाद उनके परिजनों के सहयोग से रांची महिला फुटबॉल लीग 2024 का आयोजन खेलगांव में किया जायेगा। खेलगांव के दो ग्राउंड में हर दिन चार मैच खेले जायेंगे।प्रतियोगिता लीग कम नॉट आउट और फीफा के रूल-रेगुलेशन के आधार पर खेली जायेगी। हर मैच में बेस्ट प्लेयर को अवार्ड मिलेगा। खिलाड़ियों के लिए कीट, रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था रहेगी। इस प्रतियोगिता से बेहतरीन प्लेयर्स को अपने करियर को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता की जर्सी का भी लोकार्पण किया।




**महिला फुटबॉल लीग में भाग लेने वाली टीमें**

**ग्रुप-ए :** रांची व्रेकर्स, सुरुद एफसी नामकुम, तरुण घोष एफसी धुर्वा, लिटिल एंजल रेड, ब्लू पैंथर, सशक्त क्लब, सिल्ली स्पोर्ट्स अकादमी।

**ग्रुप-बी :** डीएसएस अकादमी, शहीद बिरसा क्लब जोरार, नामकुम, आशा एफए भुसूर, युवा क्लब, जेएसएसपीएस, लिटल एंजेल ब्लू।

**ग्रुप-सी:** जीटीएक्स डार्क होर्स एफसी, स्टार वॉरियर्स एफसी चारदी, कांके, जय जवान क्लब डिबडीह, राइट टू क्लिक चारिहुजिर, एसएसएफसी नागड़ी, यूनाइटेड एफसी छोटानागपुर, बुंडू।

## झारखंड के पार्थ सिंह ने 100 मी. दौड़ में जीता स्वर्ण पदक एथलेटिक्स संघ ने दी बधाई

**रांची।** 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने रविवार को 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड के बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय एथलेटिक्स संघ एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 जून तक प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया है। पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को 10.68 सेकेंड में पूरा किया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग का नेशनल रिकॉर्ड 10.63 सेकेंड अंशु रजक का है, जो 2023 में बना था। बालिका जेवलिन थ्रो में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 41.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पंजाब की नवनीत कौर और रजत राजस्थान की नीलम चौधरी ने जीता। रांची साई के प्रशिक्षु साकेत मिंज अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाबजूद पदक से चूके और 48.23 से. के साथ चौथे स्थान पर रहे।

## जयपाल सिंह स्टेडियम में सेपक टेकरा प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम में सेपक टेकरा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन हुआ। इस केंद्र का उद्घाटन विद्युत विभाग के सेवानिवृत खेल सचिव मिथलेश साहू ने नारियल फोड़ कर किया। उद्घाटन सत्र के अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों ने सेपक टेकरा खेल का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर रांची जिला सेपक टकरा एसोसिएशन और राज्य सेपक टकरा एसोसिएशन के पदाधिकारी चंचल भट्टाचार्य, शैलेन्द्र कुमार, शिवेंद्र दुबे, राज्य सेपक टकरा के कोच सह तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, गोपाल मुंडा, राजकुमार महतो, रणधीर कुमार, विवेक कुमार, आशीष कुमार, अनिरुद्ध माणिक्य सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। चंचल भट्टाचार्य ने कहां की एशियन खेलो में शामिल यह खेल इस वर्ष से खेल झारखंड में भी शामिल हो गया हैं। जिससे खिलाड़ियों को निश्चित रूप से फायदा होगा और सेपक टकरा खेल के पुरे झारखंड में विस्तार होने में मदद मिलेगी। इस केंद्र पर श्री द्विवेदी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर गोपाल मंडा, राजकुमार महतो, रणधीर कुमार, विवेक कुमार, आशीष कुमार, अनिरुद्ध, माणिक्य, सहित कई खिलाड़ी उपस्थित थे।



## झारखंड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात की

**रांची।** झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। यह उनके आवास पर हुई। पदाधिकारियों ने श्री सेठ को बधाई दी। मुलाकात करने वालों में चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, शैलेन्द्र कुमार, शिवेन्द्र दुबे, रत्नेश गुप्ता आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## राष्ट्रपति ने दी ईद-उल-जुहा की बधाई



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेशों में रहने वाले भारतीयों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। ईद-उल-जुहा का पवित्र त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। यह त्योहार हमें मानवता की निस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर, आइए हम अपने राष्ट्र के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें।

## पंजाब के मंत्री अनमोल गगन मान ने की शादी



**चंडीगढ़।** पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को शादी के बंधन में बंध गई। उन्होंने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के वकील शाहबाज सिंह सोही को अपना जीवन साथी चुना है। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। पंजाब में यह पहला मौका नहीं है, जब किसी मंत्री या विधायक ने शादी की है। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान, कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, गुरमीत सिंह मीत हेयर के अलावा बलजिंदर कौर समेत कई विधायक शादी के बंधन में बंध चुके हैं।

## सऊदी अरब में जॉर्डन के 14 हज यात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं, हालांकि, उन्होंने त्रासदी के कारण का खुलासा नहीं किया है। विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि हज यात्रा के दौरान छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

## अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है।

## पाकिस्तान में विस्फोट दो की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) के विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने ह्यशिन्हुआह्न को बताया कि यह घटना प्रांत के कुर्रम जिले में हुई जहां नागरिकों को ले जा रहा एक वाहन सड़क किनारे लगाए गए उपकरण की चपेट में आ गया।

# कश्मीर में आतंकवाद जड़ से खत्म करेगी सरकार

## उच्च स्तरीय बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह बोले-छद्म लड़ाई तक सिमट गया है हिंसा

एजेंसी

- एजेंसियों को डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान से घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के दिए निर्देश
- गृह मंत्री ने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर दिया जोर



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नये तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। श्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया। गृह मंत्री ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को केन्द्र सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। श्री शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। यहां नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब चार-पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला , खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। श्री शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी गयी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में बताया गया। बैठक में आगामी अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा तथा उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का भी जायजा लिया गया। इससे पहले श्री मोदी ने गुरुवार को श्री शाह और श्री डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग हुआ शुरू

- पहलगाम से दोनों तरफ का किराया 9800 रुपये और नीलग्रथ से दोनों तरफ का किराया 6500 रुपये



**जम्मू।** ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग सेवाओं का इंतजार कर रहे तीर्थयात्रियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने बालटाल और पहलगाम यात्रा मार्गों के लिए सुविधा शुरू कर दी है। बाबा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू हो रही है और 19 अगस्त को समाप्त होगी। आधिकारिक विवरण के अनुसार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। पहलगाम से पंजतरणी का एकतरफ का किराया 4900 रुपये, दोनों तरफ का किराया 9800 रुपये, नीलग्रथ से पंजतरणी का एकतरफ का किराया 3250 रुपये और दोनों तरफ का किराया 6500 रुपये तय किया गया है। यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पास हेलीकॉप्टर टिकट बुक करते समय स्वास्थ्य प्रमाण पत्र होना चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि यात्रा के दौरान यात्री को मूल फोटो पहचान पत्र और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र साथ रखना होगा, जबकि तीर्थयात्रियों को बुक किए गए स्लॉट समय से कम से कम 30 मिनट पहले संबंधित हेलीपैड पर पहुंचना होगा।



## गंगा दशहरे पर भगवान महाकाल का हुआ विशेष श्रृंगार

**उज्जैन।** गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल के शीश पर मां गंगा को धारण कराया गया, साथ ही मोगरे का हार अर्पित कर पगड़ी पहनाई गई। भगवान महाकाल के इस दिव्य रूप के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

## भारत ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के घोषणापत्र से स्वयं को अलग रखा

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य और संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षकर करने से इनकार कर दिया तथा यूक्रेन के संबंध में कूटनीति और संवाद के जरिए संघर्ष का समाधान तलाशने की पुरानी नीति को कायम रखा है। सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का हवाला देते हुए युक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया गया था। इसमें रूस से सभी क्षेत्रों से सेना को वापस बुलाने की मांग शामिल थी। जिसका करीब 80 देशों ने समर्थन किया। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ग्लोबल साउथ के 12 देशों ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किए। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक पवन कपूर ने हमारा मानना है कि दोनों पक्षों को स्वीकार्य हल के जरिए ही समस्या का समाधान संभव है।

# किसानों के विकास का रोडमैप तैयार: शिवराज

### कृषि व किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार

**मुरैना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्र सरकार में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार मध्य प्रदेश पहुंचे। रविवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचे चौहान का कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए अद्भुत व अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना है।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का मुरैना स्टेशन पर भव्य स्वागत।

## उपराष्ट्रपति ने संसद परिसर में किया प्रेरणा स्थल का उद्घाटन



**नयी दिल्ली ।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर लोकसभा के निवर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश , केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मेघवाल और एल. मुरूगन उपस्थित रहे । श्री धनखड ने कहा कि यह स्थल बहुत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सभी महान नेताओं को एक साथ देखना सुखद अनुभूति है। श्री बिरला ने कहा कि प्रेरणा स्थल भविष्य की पीढियों को प्रेरणा देगा। प्रेरणा स्थल को इस तरीके से विकसित किया गया है कि संसद भवन परिसर में आगन्तुक सरलता से महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर ही देख सकें। आगन्तुकों को इनके बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। सभी नेताओं ने महान नेताओं व स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महाराष्ट्र विस चुनाव में बदलेंगे हालत : पटेल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एपी) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में हालत बदलेंगे और एनडीए को बहुमत मिलेगा। पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में 90 सीटों पर सहयोगी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पटेल ने कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की है। प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम 57 सीटों पर जीते थे। इसी आधार पर हम विधानसभा चुनाव में 85 से 90 सीटें मांगने जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे विरुद्ध झूठा प्रचार किया गया, लेकिन इसका जवाब देने में हम कमजोर पड़े। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींचतान हुई थी।

## इवीएम बना ब्लैक बॉक्स, इसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़खानी की बात हमारी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि ईवीएम एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है और यही हमारी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। श्री गांधी ने कहा कि भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स' हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि ईवीएम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। मुंबई में राजग के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का मोबाइल फोन ईवीएम से जुड़ा था। राजग के इस कैंडिडेट की जीत सिर्फ 48 वोट से हुई है।

पार्टी ने सवाल किया कि ऐसे में सवाल है कि आखिर राजग के उम्मीदवार के रिश्तेदार का मोबाइल ईवीएम से क्यों जुड़ा था। जहां वोटों की गिनती हो रही थी, वहां मोबाइल फोन कैसे पहुंचा। सवाल कई हैं, जो संशय पैदा करते हैं। चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## अक्षरा सिंह का गाना लइकिन के तेवर रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का नया गाना लइकिन के तेवर रिलीज हो गया है। गाना लइकिन के तेवर के जरिये अक्षरा ने लड़कियों में आत्मविश्वास भरने के भी कोशिश की है और उन्हें उनकी शक्तियों से अवगत कराया है। अक्षरा सिंह ने इस गाने को लेकर बताया कि यह गाना आज के दौर में लड़कियों के साथ बेहद प्रासंगिक है। यह गाना महिला सशक्तीकरण को भी समर्पित है। मेरे इस गाने के लिरिक्स बेहद खूबसूरत है और यह लोगों के मन मस्तिष्क में अपना जगह बनाने में कामयाब होंगे।


Er. Partha Pal



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
**e-mail: palpartha078@gmail.com**
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।


# रेड फ्लैग में वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

एजेंसी

- शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारत ने सभी निर्धारित मिशन पूरे किये
- यही टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास करेगी



**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास रेड फ्लैग में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफे.और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया। यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई। अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतरदृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी। लंबी दूरी तक हवाई उड़ान भरने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्त्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। रेड फ्लैग के अनुभव से समृद्ध भारतीय वायु सेना अभ्यास तरंग शक्ति-2024 के दौरान अन्य देशों के प्रतिभागी दलों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !